

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



WWW.jagranmorchadaily.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 86 | शनिवार, 09 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा सप्तमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### पहली बार टिहरी पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**टिहरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार उत्तराखंड के टिहरी जिले के दौरे पर पहुंच सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मई के अंतिम सप्ताह अथवा जून के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री टिहरी पहुंचकर देश की महत्वपूर्ण 1000 मेगावाट क्षमता वाली टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस संभावित दौरे को लेकर शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री का यह दौरा राजनीतिक से अधिक विकास और ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों पर केंद्रित रहेगा। टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना को देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परियोजनाओं में माना जा रहा है। यह परियोजना बिजली उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा भंडारण और राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### नासिक टीसीएस कांड की आरोपी निदा खान गिरफ्तार



**नासिक।** आईटी कंपनी टीसीएस की नासिक इकाई में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण से जुड़े मामले की आरोपी निदा खान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नासिक के पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने बताया कि निदा खान को गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि शहर के पुलिस प्रमुख प्रवीण पवार के नेतृत्व में छत्रपति संभाजीनगर की अपराध शाखा की एक टीम पिछले कुछ दिनों से खान की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। उन्होंने बताया कि खान का नाम देवलाली कैंप पुलिस थाने में दर्ज मामले में शामिल है। नासिक पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) आईटी कंपनी की नासिक इकाई में छेड़छाड़ और उत्पीड़न के नौ मामलों की जांच कर रही है।

## चीन : पटाखा प्लांट धमाका मामले में मौत का आंकड़ा 37 पहुंचा

**बीजिंग।** चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा प्लांट में हुए भीषण धमाके में हुई मौत का आंकड़ा बढ़ गया है। धमाके में मरने वालों की संख्या अब 37 हो गई है। स्थानीय अधिकारी की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, धमाके के बाद एक व्यक्ति लापता है और 51 लोग घायल हुए हैं।



51 घायलों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय समयानुसार, यह घटना सोमवार को दिन के चार बजकर 43 मिनट पर ये धमाका हुआ, जिसे 2019 से अब तक का सबसे बड़ा ब्लास्ट माना जा रहा है।

हुनान का लियुयांग चीन की पटाखों की राजधानी के तौर पर जाना जाता है। यह डिवाइस की घरेलू सप्लाई का 60 फीसदी और एक्सपोर्ट का लगभग 70 फीसदी बनाता है।

2019 में पूर्वी चीन के जिआंगसु प्रांत में एक केमिकल प्लांट में बड़ा धमाका हुआ था, जिसमें लगभग 78 लोग मारे गए थे।

हुनान प्रांत के लिउयांग में हुए धमाके के बाद के हालात की निगरानी के लिए वाइस-प्रीमियर झांग गुओकिंग को भेजा है। झांग ने कहा कि स्टेट काउंसिल, यानी चीन की कैबिनेट, हादसे के कारणों की जांच करने और क्रिमिनल सजा दिलाने में मदद के लिए एक जांच टीम बनाएगी।

झांग ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले पटाखे बनाने वालों को सजा देने का वादा किया है। इसके साथ ही उन रेगुलेटर्स को भी सजा देने का वादा किया है जो कंपनियों की निगरानी करने के बजाय उन पर जुर्माना लगाते हैं।

## कांग्रेस-डीएमके गठबंधन टूटा, लोकसभा में अलग बैठने की मांग

**नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषग्रम (द्रमुक) ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि सदन में उसके सदस्यों के बैठने की व्यवस्था में बदलाव किया जाए, क्योंकि कांग्रेस के साथ गठबंधन खत्म होने के बाद उसके साथ बैठना उचित नहीं होगा। द्रमुक नेता कनिमोझी करुणानिधि ने बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर बैठने की व्यवस्था बदलने का आग्रह करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है।



उन्होंने कहा, ''मैं लोकसभा में द्रमुक से संबंधित संसद सदस्यों की बैठने की व्यवस्था में उचित बदलाव का सम्मानपूर्वक अनुरोध करने के लिए लिख रही हूं। बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए और कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन खत्म होने के मद्देनजर हमारे सदस्यों के लिए सदन में उनके साथ बैठने की वर्तमान व्यवस्था जारी रखना उचित नहीं होगा।" उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से द्रमुक संसदीय दल के सदस्यों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया, ताकि वे सदन में अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव मे पांच सीटें जीतने वाली कांग्रेस ने सरकार बनाने के लिये तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को समर्थन दिया है। इसके साथ द्रमुक के साथ उसका गठबंधन खत्म हो गया है। द्रमुक नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपा है, हालांकि कांग्रेस का कहना है कि द्रमुक ने भी 2014 का चुनाव अकेले लड़ा था और उसने 'धर्मनिरपेक्ष सरकार' बनाने और भाजपा को पिछले दरवाजे से सत्ता में आने से रोकने के लिए विजय का समर्थन करने का फैसला किया।

# शुभेंदु अधिकारी होंगे पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की प्रचंड जीत के बाद पार्टी ने आज मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी (सीएम फेस) का ऐलान कर दिया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुभेंदु अधिकारी को राज्य का नया मुख्यमंत्री चुना गया है। वे पश्चिम बंगाल के पहले बीजेपी मुख्यमंत्री होंगे। बीजेपी विधायक दल की बैठक में सुभेंदु अधिकारी के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लग गई। बैठक के बाद उन्हें पश्चिम बंगाल विधानमंडल दल का नेता चुना गया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुभेंदु अधिकारी के नाम की औपचारिक घोषणा की और उनका अभिनंदन किया। अमित शाह ने कहा, "अभी कुछ समय पहले ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई। 8 प्रस्ताव और समर्थन मिले हैं, सभी में एक ही नाम मिला है। मैं सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधानमंडल दल के नेता के रूप में निर्वाचित घोषित करता हूं।"

चुनावी जीत का सफर2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने टीएमसी के 14 साल के शासन को समाप्त कर दिया। पार्टी ने 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल की और प्रचंड बहुमत हासिल किया। सुभेंदु अधिकारी ने खुद दो सीटों से चुनाव लड़ा-नंदीग्राम (जिसे उन्होंने दोबारा जीता) और भवानीपुर (जहां उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराया)। यह उनकी ममता बनर्जी पर लगातार दूसरी बड़ी जीत है। सुभेंदु अधिकारी, जो पहले टीएमसी में ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी थे, 2020 में बीजेपी में शामिल हुए थे। 2021 में नंदीग्राम से ममता बनर्जी को हराने के बाद वे विपक्ष के नेता बने और 2026 में पार्टी की जीत के प्रमुख वास्तुकार साबित हुए। विधायक दल की बैठक में अमित शाह नेसुभेंदु अधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और संगठन कौशल ने पार्टी को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। उन्होंने सभी विधायकों से नए मुख्यमंत्री का पूर्ण समर्थन करने की अपील की।

## ट्रंप के बीजिंग दौरे से पहले ताइवान ने दी 25 अरब $ के हथियार खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** ताइवान की संसद ने शुक्रवार को 25 अरब डॉलर के रक्षा व्यय विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके बारे में विपक्षी सांसदों का कहना है कि इसका इस्तेमाल अमेरिकी हथियारों के लिए किया जाएगा। यह विधेयक महीनों की राजनीतिक खींचतान के बाद पारित हुआ है। विधेयक पर अंतिम मतदान के बाद संसदीय अध्यक्ष ने इस नतीजे की घोषणा की. यह विधेयक सरकार के प्रस्तावित लगभग 40 अरब डॉलर के बजट से काफी कम है।



ताइवान के सांसद चीन द्वारा संभावित हमले के खिलाफ रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने पर खर्च की जाने वाली राशि को लेकर आपस में मतभेद रखते रहे हैं। चीन का दावा है कि ताइवान द्वीप उसका हिस्सा है और उसने इसे जबरन छीनने की धमकी दी है। चीन के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाली कुओमिनतांग (केएमटी) और ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे केवल अमेरिकी हथियारों के लिए अपने मूल व्यय प्रस्ताव को अधिकतम 780 अरब ताइवानी डॉलर (लगभग 25 अरब डॉलर) तक बढ़ाने को तैयार हैं। ताइवान की 113 सीटों वाली संसद पर केएमटी और टीपीपी का नियंत्रण है। मतदान के लिए केवल 107 सांसद उपस्थित थे, और 59 मतों के साथ विधेयक पारित हो गया।

राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की सरकार ने इस वर्ष रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के तीन प्रतिशत से अधिक करने का संकल्प लिया है और हथियारों की खरीद के लिए 1.25 ट्रिलियन एनटी डॉलर का प्रस्ताव रखा है, जिसमें अमेरिकी हथियार, ताइवान में बने ड्रोन और अन्य वस्तुएं शामिल हैं। यह विशेष धनराशि आठ वर्षों में वितरित की जाएगी और यह सरकार के वार्षिक बजट में शामिल सामान्य रक्षा खर्च के अतिरिक्त होगी. लाई की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के सांसद चेन कुआन-टिंग ने केएमटी नेताओं पर बजट से घरेलू खरीद को बाहर करके "ताइवान को निरस्त्र करने का प्रयास" करने का आरोप लगाया। चेन ने कहा, "अगर हम सिर्फ अमेरिका से हथियार खरीदने तक ही सीमित रहें, तो अगर एक दिन ताइवान को घेर लिया जाए, ताइवान की नाकाबंदी कर दी जाए, तो हम अपने गोला-बारूद की आपूर्ति कैसे बनाए रखेंगे और अपनी युद्ध क्षमता को कैसे बरकरार रखेंगे।

## तमिलनाडु में 'विजय' सरकार, लेफ्ट ने किया समर्थन, मंत्रिमंडल में शामिल होगी वीसीके

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कांग्रेस के बाद सीपीआई, सीपीएम और वीसीके ने भी टीवीके प्रमुख विजय को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक तीनों पार्टियां विजय को सीएम बनाने के लिए समर्थन कर रही हैं। इसके बाद टीवीके प्रमुख विजय सरकार गठन के संबंध में आज शाम फिर से तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करने वाले हैं.



विजय की विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए इस सप्ताह राज्यपाल के साथ यह तीसरी मुलाकात होगी। टीवीके के एक सूत्र ने बताया कि बैठक के दौरान विजय संभवतः सरकार गठन के संबंध में अपना पक्ष पेश करेंगे। इससे पहले द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सहयोगी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने कहा था कि वो शुक्रवार को इस बात पर निर्णय लेगी कि तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को सरकार बनाने के लिए समर्थन देना है या नहीं। पार्टी ने इसके लिए एक बैठक बुलाई थी, जिसमें विजय की पार्टी की ओर से की गई अपील पर निर्णय लेने के लिए चर्चा की गई।

टीवीके ने राज्य में 'एक नई धर्मनिरपेक्ष' सरकार बनाने के लिए समर्थन देने का अनुरोध किया था।

## मणिशंकर अय्यर ने टीवीके को कांग्रेस द्वारा समर्थन देने को बताया अवसरवादी राजनीति

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने तमिलनाडु में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन करने के कांग्रेस के फैसले को शुक्रवार को अवसरवादी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा की राजनीति तथा महात्मा गांधी की 1925 के उस कथन का अक्षम्य उल्लंघन है कि स्वराज का मतलब नैतिकता पर आधारित सरकार होना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कहा कि कांग्रेस ने टीवीके के विजय को अपने साथ जोड़कर अनैतिक कृत्य किया है और इसमें निम्न स्तर के राजनीतिक अवसरवाद की बू आती है।



मणिशंकर का आरोप, भाजपा के लिए पिछले दरवाजे खोल रहे हैं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर यह कदम द्रविड़ राजनीति के वर्चस्व वाले राज्य में सांप्रदायिक भाजपा के पिछले दरवाजे खोलती है तो यह सबसे खतरनाक और राजनीतिक फुटबॉल के इतिहास में सबसे खराब आत्मघाती गोल साबित होगा। अय्यर ने कहा कि वह इस बात की कल्पना नहीं कर सकते कि कांग्रेस के पूर्वज ऐसी अवसरवाद की राजनीति को अपना आशीर्वाद देते।

## 'भारतीय राजनीति के जोकर' संजय राउत पर भाजपा का हमला

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित पोस्ट पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताया।



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताते हुए उन पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि संजय राउत और कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में देश की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि संजय राउत भारतीय राजनीति के जोकर हैं। वह और राहुल गांधी घरेलू राजनीतिक लड़ाई के लिए भारत की छवि खराब करने की सुपारी लेकर बैठे हैं। मोदी विरोध में ये लोग देश का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि दुनिया भर में भारतीय लोकतंत्र की सराहना हो रही है, लेकिन विपक्ष चुनावी प्रक्रिया को लेकर झूठे नैरेटिव फैलाने में जुटा है। पूनावाला ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और खबरों के मुताबिक ट्रंप ने भी भाजपा को बधाई दी है।

## अमेरिका ने फिर किया ईरान पर हमला, होर्मुज में मची तबाही

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच अब एक नया बड़ा टकराव सामने आया है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम जैसी स्थिति होने के बावजूद समुद्र में दोनों देशों की नौसेनाएं आमने-सामने आ गई हैं। दोनों ने एक दूसरे पर हमला किया है। दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में गिने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी युद्धपोतों पर हमला होने का दावा किया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही खत्म कर दिया गया, जबकि ईरान ने दावा किया कि अमेरिकी जहाजों को भारी नुकसान पहुंचा और वे पीछे हट गए. सक्रिय युद्ध जैसी स्थिति सिर्फ होर्मुज में देखने को नहीं मिली है। ईरान की अर्ध-सरकारी फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, बंदर अब्बास, केशम द्वीप और ईरान की राजधानी तेहरान के पास विस्फोटों की आवाज सुनी गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुष्टि की कि अमेरिका और ईरान की नौसैनिक सेनाओं के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में गोलीबारी हुई है। यह घटना दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते के बीच हुई है। ट्रंप ने दावा किया कि जब अमेरिका के तीन विध्वंसक युद्धपोत (डिस्ट्रॉयर) होर्मुज से गुजर रहे थे तब ईरान ने उनपर हमला किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के तीन युद्धपोत "बहुत सफल तरीके से" होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकल गए गए हैं।

**टिप्पणी** हंटा वायरस पर राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने दी सफाई

## 'भारत के लिए फिलहाल कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा नहीं'

**दिल्ली।** एक क्रूज जहाज पर दो भारतीय नागरिकों के कथित तौर पर हंटा वायरस से संक्रमित होने की चिंताओं के बीच, आईसीएमआर के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने शुक्रवार को कहा कि ये मामले अलग-थलग प्रतीत होते हैं और भारत के लिए तत्काल कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा नहीं है। कुमार ने कहा कि फिलहाल सामुदायिक प्रसार का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने बताया कि हंटा वायरस मुख्य रूप से संक्रमित कृन्तकों (चूहों, गिलहरी आदि) या उनके लार, मूत्र और मल के संपर्क के माध्यम से मनुष्यों में फैलता है।





उन्होंने कहा कि लोग आमतौर पर गोदामों, जहाजों, खलिहानों और भंडारण क्षेत्रों जैसे बंद या खराब हवादार स्थानों में कृन्तकों के मूत्र, मल या लार से निकलने वाले विषाणु कणों को सांस के जरिए अंदर लेने से संक्रमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा, "हंटा वायरस के जो मामले सामने आए हैं, वे छिटपुट प्रतीत होते हैं और भारत में तत्काल सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है।" उनकी यह टिप्पणी उन खबरों के बाद आई है जिनमें कहा गया है कि एक क्रूज जहाज पर सवार दो भारतीय नागरिक हंटा वायरस से संक्रमित पाये गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, दो भारतीय यात्री उस जहाज पर पहचाने गए संदिग्ध संक्रमितों के एक छोटे समूह में शामिल थे, स्वास्थ्य अधिकारी संपर्क में आए लोगों की निगरानी कर रहे हैं और एहतियाती उपाय किये जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अधिकारियों ने बताया कि हंटा वायरस संक्रमण दुर्लभ हैं और आमतौर पर कृन्तकों के संपर्क में आने से होते हैं, न कि मनुष्यों में लगातार फैलने से।

कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि कोविड-19 के विपरीत, हंटा वायरस मनुष्यों में आसानी से नहीं फैलता है। उन्होंने बताया, "मानव से मानव में संक्रमण अत्यंत दुर्लभ है। आम तौर पर हंटा वायरस, विशेषकर एशिया और यूरोप में पाए जाने वाले, मनुष्यों के बीच नहीं फैलते। सीमित मानव-से-मानव संक्रमण केवल कुछ दक्षिण अमेरिकी उपभेदों जैसे कि एंडीज विषाणु के साथ ही दर्ज किया गया है।"

## हत्या और तख्तापलट का डर, बंकर में पनाह लेने को मजबूर व्लादिमीर पुतिन

**नई दिल्ली।** एक ऐसा राष्ट्रपति, जिसके पास दुनिया की दूसरी सबसे ताकतवर सेना हो, वह अब जमीन के नीचे बने बंकरों में रहने को मजबूर हो जाए. कम से कम दावा तो ऐसा ही किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब पहले से कहीं ज्यादा डरे हुए और अलग-थलग हो गए हैं। यूक्रेन युद्ध, ड्रोन हमलों और तख्तापलट के डर ने क्रेमलिन की चिंता बढ़ा दी है। यहां तक कि पुतिन से मिलने वाले लोगों की जांच भी बेहद सख्त कर दी गई है। दावा है कि अब उनकी जिंदगी का बड़ा हिस्सा बंकरों के अंदर ही गुजर रहा है।



फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन युद्ध के बीच हत्या की आशंका बढ़ने के कारण रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सुरक्षा काफी ज्यादा कड़ी कर दी गई है। रूस की फेडरल प्रोटेक्टिव सर्विस (FSO) ने पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा इंतजाम और बढ़ा दिए हैं। मॉस्को में पुतिन को जानने वाले लोगों और यूरोपीय खुफिया एजेंसियों के करीबी एक सूत्र के मुताबिक, पुतिन अब अपना ज्यादातर समय जमीन के नीचे बने बंकरों में बिताते हैं और वहीं से युद्ध की निगरानी करते हैं।

## एक नजर

### आईजीआरएस में बरेली पुलिस का डंका, लगातार पांचवीं बार पूरे यूपी में नंबर-1 बनी

**बरेली।** बरेली पुलिस ने जन शिकायतों के निस्तारण में एक बार फिर प्रदेश में अपनी सफलता का लोहा मनवाया है। आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के चलते बरेली पुलिस लगातार पांचवीं बार उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही है। शासन द्वारा जारी अप्रैल 2026 की रैंकिंग में जिले के सभी 28 थानों ने 100 में से 100 अंक हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। एसएसपी अनुराग आर्य के कुशल निर्देशन में पुलिस ने 1154 संदर्भों का त्वरित निस्तारण किया, जिसमें 96 प्रतिशत से अधिक शिकायतकर्ता पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट पाए गए। रैंकिंग में समयबद्धता, गुणवत्ता और आवेदकों से सीधा संपर्क (98%) जैसे मानकों को आधार बनाया गया था। लगातार मिली इस शीर्ष रैंकिंग से पुलिस विभाग में उत्साह है और जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# व्यवसायिक गैस के दाम बढ़ने पर उद्योगआंदोलन की चेतावनी

## पुलिस ने व्यापार प्रतिनिधि मंडल को किया नजरबंद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने पर जिलाध्यक्ष उद्योगमंच सर्वेश गुप्ता, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र गुप्ता एवं जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी के नेतृत्व में सभी व्यापारियों ने आंदोलन के लिए जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी के प्रतिष्ठान पर एकत्रित होकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन व आंनदोलन की चेतावनी दी गई थी। भनक लगते ही सिविल लाइंस पुलिस ने भारी फोर्स के साथ जिला महामंत्री के प्रतिष्ठान पर पहुंच कर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारियों को कई घंटे नजरबंद किया। जिसके विरोध में व्यापारियों ने गगनभेदी नारे लगाए। पुलिस प्रशासन के समझाने पर पदाधिकारियों ने क्राइम इंस्पेक्टर सिविल लाइन कोतवाली सुपेंद्र मलिक को ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रदेश मंत्री पवन जैन ने कहा कि व्यवसायिक गैस सिलेंडर की उपलब्धता न होने के कारण कुटीर घरेलू मझौले उद्योग तथा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग का व्यापार करने वाले, डेरी वाले तथा फेरी में ठेलों पर खाने पीने का सामान बेचने वाले व्यक्तियों का कारोबार बंदी के कगार पर होने से उनके सामने भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया है। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक मई से कमर्शियल गैस का रेट अचानक 2080 रुपये से 977 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़कर 3171 रुपये कर दिए हैं। प्रदेश मंत्री अवधेश वर्मा ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता कराये जाने के आदेश पारित किया जाए। युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश लड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार गैस के वैकल्पिक संसाधनों की खोज के लिए लिए अनुसंधान कमेटी का गठन करे तथा महंगाई और कालाबाजारी को रोकने के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ाई गई दरें तुरंत वापस लेने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित किया जाए। जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा कि विवाह शादी व फंक्शन के लिए मांग अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने पर आदेश पारित किए जाए तथा अस्पतालों व स्कूलों को उनकी आवश्यकता अनुसार कमर्शियल गैस उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर संजीव आहूजा, रूपेंद्र सिंह लाम्बा, महेश चंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, अरुण गुप्ता, नरेंद्र यादव, सर्वत हमीद खान आदि मौजूद रहे।

# गन्ना किसानों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गन्ना किसानों के बकाया भुगतान और ग्रामीण समस्याओं को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी सड़क पर उतर आई। पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने चौकी चौराहे पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग उठाई गई।

धरने के दौरान भगवत शरण ने सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नवाबगंज और बहेड़ी क्षेत्र के गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान वर्षों से रुका पड़ा है। ओसवाल ओवरसीज लिमिटेड नवाबगंज चीनी मिल पर किसानों का करीब 72 करोड़ रुपये और बहेड़ी चीनी मिल पर लगभग 138 करोड़ रुपये बकाया है। भुगतान न मिलने से किसान आर्थिक संकट में फंस गए हैं। बच्चों की पढ़ाई, खेती का खर्च और परिवार चलाना तक मुश्किल हो गया है।

किसानों ने बंद पड़ी नवाबगंज चीनी मिल को दोबारा चालू कराने की मांग भी उठाई। किसानों का कहना था कि मिल बंद होने से इलाके के हजारों किसान प्रभावित हैं और उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए दूसरे क्षेत्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। धरने में किसानों ने आवारा पशुओं का मुद्दा भी जोरशोर से उठाया। किसानों ने कहा कि छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि किसानों को रातभर खेतों में जागकर रखवाली करनी पड़ रही है, लेकिन प्रशासन इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।

### राशन, गैस और सड़कों की बदहाली पर भी घेरा

ज्ञापन में गांवों की दूसरी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। सपा नेताओं ने रसोई गैस की अनियमित सप्लाई, राशन वितरण में भ्रष्टाचार और गरीबों से अवैध वसूली के आरोप लगाए। पेयजल योजना के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने और सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज की सुविधा देने की भी मांग की गई। धरना-प्रदर्शन में सपा जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम सुल्तानी, शमीम अहमद, प्रदीप, संजीव यादव, योगेश यादव समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने बाइक को टक्कर मारने के बाद युवक को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंडी चौकी के पास यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान मोहित राठौर पुत्र कल्यान सिंह निवासी लखनपुर थाना सिविल लाइन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मोहित अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था, तभी तेज गति से आ रही बोलेरो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहित बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा और बोलेरो चालक ने वाहन नहीं रोका, बल्कि उसे घसीटते हुए करीब 50 मीटर तक ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मोहित को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मोहित अपने परिवार का सहारा था, उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने घटनास्थल से बोलेरो वाहन को कब्जे में लेकर सिविल लाइन थाने भेज दिया है। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी सिविल लाइन ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज में हुआ थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के रक्त केन्द्र विभाग द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया रोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में वर्ष 2023 बैच के नर्सिंग छात्रों द्वारा ओपीडी हॉल में थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अरुण कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं डॉ. श्रीनिवासन गांधी, प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. लालेन्द्र यादव, सहायक आचार्य, फार्माकोलॉजी विभाग तथा डॉ. वैशाली, सहायक आचार्य, पैथोलॉजी विभाग द्वारा स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया। शिविर में कुल 10 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से दो रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं ब्लड डोनेशन कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि —"थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग में नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ लगातार जन-जागरूकता एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। मैं सभी युवाओं एवं नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहभागी बनें।" गत वर्ष राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में कुल 999 रक्तदान हुए, जिनमें 938 रिप्लेसमेंट डोनेशन तथा 61 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से प्राप्त हुए। संस्थान में ब्लड कम्पोनेंट्स निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ. सुचेता यादव, सहायक आचार्य डॉ. श्रवण कुमार भार्गव, दंत रोग विभाग से डॉ. नेहा सिंह, पैथोलॉजी विभाग से डॉ. श्वेता कनौजिया एवं डॉ. मयंक सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रक्त केन्द्र के लैब टेक्नीशियन श्री रजनीश कुमार पटेल तथा नर्सिंग स्टाफ सालवी राठौर आदि का विशेष योगदान रहा।

# फर्जी इकरारनामे और दबाव से परेशान युवक ने की आत्महत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ जमीन का बैनामा कराने और दोगुनी रकम मांगने का आरोप**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र सिली जागीर में जमीन के फर्जी इकरारनामे और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी आफाक हुसैन ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई अखलाक अहमद के नाम पर गांव के ही मोहम्मद शीराज, तसलीम और जसवत ने जमीन का एक कूटरचित इकरारनामा तैयार कर लिया था। इसमें फर्जी तरीके से करीब 40 लाख रुपये की पेशगी देना दर्शाया गया। आरोप है कि जिस जमीन का सौदा दिखाया गया, उसका स्वामी अखलाक था ही नहीं। इसके बावजूद आरोपी लगातार उस पर जमीन का बैनामा कराने का दबाव बना रहे थे और मना करने पर दोगुनी रकम वसूलने या जान से मारने की धमकी दे रहे थे।परिजनों के अनुसार, 13 अप्रैल को आरोपियों द्वारा घर आकर अपमानित किए जाने के बाद मानसिक रूप से टूटे अखलाक ने अगली सुबह गन्ने के खेत में जाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने कथित इकरारनामे की प्रतियों को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# 10 हजार की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र की बैरियर-दो पुलिस चौकी पर शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दरोगा को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपी दरोगा को टीम अपने साथ सीबीगंज थाने ले गई, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम के मुताबिक गिरफ्तार दरोगा विमल सिंह चौहान इज्जतनगर थाने में तैनात थे और बैरियर-दो चौकी पर ड्यूटी कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने एक पारिवारिक विवाद से जुड़े मुकदमे को खत्म कराने के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता एंजिला मैसी निवासी असलम कॉलोनी, इज्जतनगर ने एंटी करप्शन टीम को बताया कि उनके खिलाफ इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज था। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया, लेकिन मुकदमे के निस्तारण के एवज में दरोगा लगातार रिश्वत मांग रहे थे।

### शिकायत मिलते ही बिछाया गया जाल

महिला की शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन बरेली की टीम ने पूरे मामले की जांच की। आरोप सही पाए जाने पर ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की योजना बनाई गई। शुक्रवार दोपहर करीब 1:40 बजे टीम ने बैरियर-दो चौकी के अंदर ही दरोगा विमल सिंह चौहान को 10 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने मौके पर ही रिश्वत की रकम बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### सीबीगंज थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

कार्रवाई के बाद आरोपी दरोगा को सीबीगंज थाने लाया गया, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। अधिकारियों के मुताबिक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। टीम ने कहा कि सरकारी कार्य के बदले रिश्वत मांगने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## वसूली का आरोप, अंधेरे में डूबा रसिया खानपुर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** रसिया खानपुर गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। तेज आंधी के कारण बिजली लाइन क्षतिग्रस्त होने से 12 मकानों में कई दिनों से अंधेरा छाया हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि भीषण गर्मी में बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग सुध नहीं ले रहा है। गंभीर आरोप यह भी है कि लाइनमैन मरम्मत के नाम पर प्रति खंभा 500 की अवैध वसूली की मांग कर रहा है। पैसे न देने पर काम टाल दिया जाता है। बिजली संकट से पेयजल और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने जल्द आपूर्ति बहाल न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# IRCTC की धार्मिक ट्रेन तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आईआरसीटीसी (IRCTC) ने श्रद्धालुओं के लिए 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' के जरिए दो विशेष धार्मिक टूर पैकेजों की घोषणा की है। शुक्रवार को बरेली में आयोजित प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा बरेली समेत कई प्रमुख शहरों के यात्रियों के लिए सुलभ होगी।

**पहला पैकेज:** 7 ज्योतिर्लिंग दर्शन12 जून से 23 जून 2026 तक चलने वाले इस 12 दिवसीय सफर में महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर, सोमनाथ, नागेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही द्वारकाधीश मंदिर और पंचवटी का भ्रमण भी शामिल है। ऋषिकेश से चलने वाली यह ट्रेन हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर और लखनऊ से भी पकड़ी जा सकेगी। इसका किराया स्लीपर श्रेणी के लिए 24,100 रुपये, 3एसी के लिए 40,890 रुपये और 2एसी के लिए 54,390 रुपये निर्धारित है।

**दूसरा पैकेज:** दक्षिण भारत दर्शनयह यात्रा 29 जून से 10 जुलाई 2026 तक चलेगी, जिसमें तिरुपति बालाजी, रामनाथस्वामी (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन शामिल हैं। आईआरसीटीसी लखनऊ के सीआरएम अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पैकेज में ट्रेन सफर, होटल में ठहरने, शाकाहारी भोजन और स्थानीय भ्रमण के लिए बस की सुविधा शामिल है। बुकिंग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इस मौके पर नवनीत गोयल और सय्यद इमरान चिश्ती भी मौजूद रहे।

**आत्मनिर्भर** ऋण लेकर शुरू किया व्यापार, अब परिवार हुआ खुशहाल

# पीएम स्वनिधि योजना ने बदला स्ट्रीट वेंडर्स का जीवन

जागरण मोर्चा कार्यालय



सब्जी की दुकान पर बैठे व्यवसायी राजकुमार।

**बदायूं।** नगर के मोहल्ला मीरा सराय निवासी राज कुमार मौर्य पिछले दस वर्षों से फल एवं सब्जी विक्रेता के रूप में अपना जीवनयापन कर रहे हैं। आज वह आत्मनिर्भरता और संघर्ष की एक मिसाल बन चुके हैं। साधारण परिवार से आने वाले राज कुमार मौर्य अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन ने उनके जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बाजार बंद होने से उनकी रोजी-रोटी पूरी तरह ठप हो गई और परिवार के भरण-पोषण में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। ऐसे कठिन समय में उन्हें सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली, जो स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराती है। राज कुमार मौर्य ने इस योजना के तहत सबसे पहले प्रथम चरण का ऋण लिया, जिससे उन्होंने पुनः अपना ठेला लगाना शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने के कारण उन्हें द्वितीय और तृतीय चरण के ऋण भी आसानी से प्राप्त हुए। उन्होंने इन सभी ऋणों को नियमित रूप से आसान किस्तों में चुकाया, जिससे उनकी बैंकिंग साख भी मजबूत हुई। आज वे बदायूं के पंजाबी मार्केट, भगत जी समोसा कॉर्नर के पास अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रहे हैं। उनकी आय में सुधार हुआ है और वे अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर पा रहे हैं। उनके बड़े बेटे की पढ़ाई भी अब सुचारू रूप से सिटी पब्लिक स्कूल, बदायूं में चल रही है। राज कुमार मौर्य की यह कहानी यह दर्शाती है कि यदि सही समय पर उचित सहायता और व्यक्ति का आत्मविश्वास साथ हो, तो कोई भी कठिन परिस्थिति सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। पीएम स्वनिधि योजना ने न केवल उनके व्यवसाय को पुनर्जीवित किया, बल्कि उनके जीवन में स्थिरता और सम्मान भी लौटाया। वर्तमान में उन्होंने इस योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए भी आवेदन किया है, जिससे उनके व्यवसाय को और अधिक विस्तार मिलने की संभावना है। यह कहानी अन्य स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक प्रेरणा है।

## मेढ़ तोड़ने का विरोध करने पर दंपति को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम जारकल्लिया में खेत की मेढ़ काटने का विरोध करने पर एक किसान की दबंगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी।

पीड़िता रुकसाना बेगम ने बताया कि 6 मई को उनके पति इद्रीश खेत पर बैठे थे, तभी गांव के ही पप्पू उर्फ इरशाद और उसकी पत्नी नाजरा ने मेढ़ तोड़ना शुरू कर दिया।विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे इद्रीश घायल हो गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा विधायक का भतीजा लापता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा के भतीजे अंकित वर्मा रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। अंकित राममूर्ति मेडिकल कॉलेज, भोजीपुरा से एम फार्मा की पढ़ाई कर रहे हैं और गुरुवार शाम से उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिवार ने अपहरण या किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए भोजीपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस छात्र की तलाश में जुट गई है।

पीड़ित पिता राम प्रकाश वर्मा पुत्र पीएल वर्मा निवासी अमखिरिया, बीसलपुर जनपद पीलीभीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा अंकित वर्मा राममूर्ति कॉलेज में एम फार्मा का छात्र है। 7 मई 2026 की शाम करीब छह बजे वह कॉलेज से निकला था। परिजनों के मुताबिक अंकित मंदिर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों के यहां तलाश शुरू की, मगर उसका कोई पता नहीं चल सका।

### परिवार में मचा कोहराम, रिश्तेदारों में बेचैनी

अंकित के अचानक गायब होने से परिवार में बेचैनी का माहौल है। विधायक परिवार से जुड़े होने के कारण मामले ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी हलचल बढ़ा दी है। परिजन लगातार फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से मदद की अपील कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि अंकित का मोबाइल भी बंद आ रहा है, जिससे चिंता और बढ़ गई है।

### भोजीपुरा पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

भोजीपुरा थाना पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच उपनिरीक्षक सुशील कुमार को सौंपी गई है। कॉलेज परिसर, सीसीटीवी कैमरों और छात्र के संपर्कों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि छात्र की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर टीमें भेजी जा रही हैं। परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अंकित वर्मा के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत भोजीपुरा थाना पुलिस या परिवार को सूचना दें, ताकि छात्र को सकुशल घर वापस लाया जा सके।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस – 5 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारें में बताया। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई, ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# एक साल में खनन करने वाले 861 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**ठोका 3 करोड़ का जुर्माना, चालकों में मची खलबली, डीएम ने किया टास्क फोर्स का गठन, छापेमारी**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** खनन पर रोकने के लिए डीएम द्वारा गठित किए गए टॉस्क फोर्स का असर दिखाई देने लगा है। अगर नजर डाली जाए तो एक साल के भीतर खनन पर शिकंजा कसा गया है। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक 861 वाहनों पर कार्रवाई की गई है जिनमें कुछ वाहन सीज और तो कुछ चालान किए गए हैं। इन वाहनों पर 3 करोड़ 57 लाख 83 हजार रुपये का राजस्व वसूला है। अभी भी खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। जिससे खनन के वाहन कम नजर आ रहे हैं।

बता दें कि एक समय ऐसा था कि जिले भर में खनन के वाहन दौड़ते हुए नजर आते थे लोगों का निकलना तक दुश्वार हो गया था, लेकिन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद में पांच माह पहले चार्ज लेने के बाद जहां खनन माफिया पर बड़ी कार्रवाई की। वहीं दिव्यांगों, बुजुर्गों और बीमारों के लिए जनता दरबार लगाकर एक मसीहा के रूप में काम कर रहे हैं। जनता दरबार में आने वाले हर फरियादी मायूस होकर नहीं जाता। जिलाधिकारी ने अब तक 300 से ज्यादा आयुष्मान कार्ड और दिव्यांगजनो और बच्चों को मोटर साइकिल, ट्राई साइकिल और उपकरण उनके जरिए मुहैया करा चुके हैं। जिलाधिकारी जहां गरीबों, जहां बेसहराओं के लिए मसीहा है।


वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ।

गलत कार्य में लिप्त माफिया के लिए सख्त हैं। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कराई है। अगर आंकड़ों पर नजर डाले तो अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक खनन के 861 वाहनों पर कार्रवाई की गई है जिनमें कुछ वाहन सीज किए, तो कुछ के चालान किए गए हैं। इन वाहनों पर 3 करोड़ 57 लाख 83 हजार रुपये का राजस्व वसूला है। अभी भी खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।

इस कार्रवाई से खनन माफिया में खलबली मची हुई है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी का कहना है कि खनन को लेकर लगातार चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### चलाया जाता है चेकिंग अभियान

जिलाधिकारी द्वारा समय समय पर अधिकारियों के साथ बैठक करके टॉस्क फोर्स का गठन किया जाता है। उसके बाद अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती है ताकि खनन को रोका जा सके। एआरटीओ से लेकर अन्य अधिकारी भी खनन के वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग करते हैं। कागज पूरे नहीं होने पर उनका चालान कर दिया जाता है। इन कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## पत्रकार का उपचार के दौरान निधन


मृतक आसिफ अली का फाइल फोटो।

**रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद निवासी आसिफ अली जोकि शाह टाइम्स समाचार पत्र के पत्रकार चार दिनों से बीमार चल रहे थे, उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। पत्रकार की मृत्यु की खबर फैलते ही क्षेत्र के मीडिया जगत और स्थानीय निवासियों में शोक की लहर दौड़ गई है।

वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले चार दिनों से चिकित्सक उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रहे थे, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कराया पोस्टमार्टम


शाहबाद में विवाहिता की मौत के बाद थाने के बाहर बैठे ग़मज़दा परिजन।

- दोनों पक्षों में समझौता के हुआ अंतिम संस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी राजेश की 24 वर्षीय पत्नी ज्योति की गुरुवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष के आरोप के बाद पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हालांकि शुक्रवार को महिला के मायके वालों और ससुरालियों के बीच आपसी समझौता होने के बाद देर शाम महिला का अंतिम संस्कार किया गया।

बताते चले कि कासगंज के बसंत नगर निवासी महिपाल की पुत्री ज्योति की शादी शाहबाद नगर के भीतरगांव निवासी राजेश के साथ हुई थी, दोनों से एक ढाई वर्ष का बेट भी है। गुरुवार देर शाम ज्योति की हालत बिगड़ने पर ससुराल पक्ष के लोग उसको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने विवाहिता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान ज्योति ने दम तोड़ दिया। उधर सूचना मिलते ही ज्योति के मायके के लोग भी पहुंच गए और उसे जहर देकर मारने का आरोप लगाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर शुक्रवार दोपहर में थाने पर दोनों पक्षों के बीच समझौते के बाद विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# बाईकों की भिड़ंत में दो जख्मी, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** गुरुवार देर रात बाईकों की आमने सामने की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सैफनी थाना क्षेत्र के अलफगंज निवासी अजय अपने दोस्त ओंकार के साथ किसी निजी कार्य से सैफनी गए थे। सैफनी से वापस लौटते हुए भूडा गेट के पास सामने से आ रही तेज़ रफ़्तार बाइक ने अजय की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। और दोनों की हालत नाजुक देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन दोनों घायलों को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए।


शाहबाद– बिलारी स्टेट हाइवे पर सड़क हादसे में घायल युवक।

# मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व आपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मिलक के निर्देशन में थाना केमरी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी अजय पुत्र नेमचन्द निवासी ग्राम नारायणपुर थाना बरखेरा जनपद पीलीभींत, टिंकू पुत्र महेन्द्रपाल निवासी ग्राम उमरसर थाना जहाँनाबाद जनपद पीलीभींत को एक चोरी की मोटर साईकिल और चाकू के साथ कस्बा केमरी में भूरा कबाडी की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के आधार पर थाना केमरी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक श्रवण कुमार, उपनिरीक्षक देवेन्द्रपाल सिंह, उप निरीक्षक गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल हेमेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल मनवीर सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार आदि रहे।


पकड़े गए आरोपी। –जागरण मोर्चा

# अंधविश्वास या भय: शाहबाद में सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रही है डरावनी तस्वीरें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के एक दो मोहल्लों में आत्मा को देखे जाने की चर्चा का बाजार गर्म है। आत्मा का फोटो बताकर कई डरावनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रही है। हालांकि अगर विज्ञान की माने तो यह अंधविश्वास है, लेकिन लोग भय पैदा करने के लिए वायरल तस्वीरों को चुड़ैल के फोटो बता रहे है, कई जगहों पर लोगों का कहना है कि एक आत्मा जैसी दिखने वाली चीज़ शाहबाद के मोहल्लों में अंधेरे में देखी जा रही है। इस चर्चा से शहर के कई लोगों में भय का माहौल है जबकि बहुत से लोग इसे अफवाह और अंधविश्वास बताते हुए सिरे से खारिज कर रहे है। इस तरह की अफवाहों से शाहबाद के कई मोहल्लों में शाम होने के बाद सन्नाटा पसर जाता है। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि आज का युग वैज्ञानिक युग है, अफवाहों पर ध्यान न दें। लोग अंधविश्वास की बातें फैलाते है। अफवाहों फैलाने पर कार्रवाई की जाएगी।



# दो माह के वेतन को लेकर संविदा कर्मियों का प्रदर्शन

- सीएमओ कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने 2 महीने के वेतन को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शादाब हसन के नेतृत्व में तमाम संविदा कर्मचारी एकत्र होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालयपहुंचे। उन्होंने दो माह के मानदेय को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन सीएमओ को सौंपा। जिसमें जिला अध्यक्ष शादाब हसन ने कहा कि मार्च अप्रैल का अभी तक मानदेय कर्मचारी को नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक पारिवारिक की समस्या का संकट सामने हो गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि शैक्षिक सत्र प्रारंभ हो चुका है स्कूलों से कर्मचारियों के फोन आ रहे है। लेकिन मार्च-अप्रैल का मानदेय नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इसलिए कर्मचारियों को दो माह का वेतन तत्काल दिया जाए।



ज्ञापन दिखाते संविदा कर्मचारी। –जागरण मोर्चा


मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

# देर रात ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, कराया पोस्टमार्टम

- देर रात को हुआ हादसा, दो नंबर प्लेट फार्म पर हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया खानासामा निवासी दानिश गुरुवार रात को बरेली जाने के लिए घर से निकल गया था। बताया जा रहा कि वह रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद बरेली की ओर जाती हुई ट्रेन को देखकर उसमे चढ़ने लगा। इस बीच वह ट्रेन से गिर गया। जहां हादसे के बाद लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना के बाद जीआरपी भी पहुंच गई। घायल को अस्पताल भिजवा दिया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया। जीआरपी प्रभारी ईश्वर चंद्र ने बताया कि वह किन्नर था। किसी काम से बरेली जा रहा था।





# दो पासपोर्ट मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

- क्वालिटी बार में नहीं तय हो सके आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** एमपी-एमएलए सेशन में शुक्रवार को पासपोर्ट मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 12 मई की तारीख नियत की गई है। जबकि क्वालिटी बार में भी सपा नेता आजम खां और उनके परिवार आरोप तय नहीं हो सके। इसमें अगली सुनवाई 26 मई नियत की है।

बता दें कि दो पासपोर्ट मामले में पिछले दिनों अब्दुल्ला आजम खां को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया था। उसके बाद से वह जिला कारागार में सजा काट रहे हैं। सजा के खिलाफ अब्दुल्ला आजम खां ने अपने अधिवक्ता के जरिए सेशन कोर्ट में अपील करते हुए जमानत लगाई थी। जिस पर सेशन कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के लिए 12 मई की तारीख नियत की है। इसके अलावा क्वालिटी बार के मामले में भी शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में आजम खां, पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम और डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन मास्टर जाफर अली आदि नामजद है। इस मामले में गगन अरोड़ा ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें 26 मई को सुनवाई होगी।



**आयोजन** लायंस क्लब ऑफ रामपुर लियोना ग्रेटर द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का किया आयोजन

# बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

- विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय बकैनिया में पर्यावरण सप्ताह के तहत आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का लायंस क्लब ऑफ रामपुर लियोना ग्रेटर द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने वृक्षारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन एवं प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर जागरूकता अभियान तथा पौधारोपण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा हरियाली के प्रति जागरूक करना था।

अध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए नो टू प्लास्टिक अभियान के तहत कहा कि हमें प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद करना चाहिए। बाजार से सामान कपड़े या जूट के थैलों में लाना चाहिए, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया। क्लब सेक्रेटरी नयना कक्कड़ गुप्ता ने बच्चों को लूडो गेम एवं अध्ययन सामग्री भेंट करते हुए कहा कि विद्यालय में क्लब द्वारा दी गई बुक शेल्फ व बोर्ड का अच्छे से उपयोग करें, मन लगाकर पढ़ाई करें तथा अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन करें। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिखा सक्सेना ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। क्लब सेक्रेटरी नयना कक्कड़ गुप्ता ने भी विद्यालय परिवार, अतिथियों एवं सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रकृति के महत्व के बारे में प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह, रचनात्मकता एवं जागरूकता से जीवंत हो उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रीति खन्नेजा, प्रिंसी, साक्षी, जीतू, कृति, अनामिका, शुभांगी, लीना आदि सदस्य भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।


पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे और पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# चिकन शॉप में आग लगने से मचा हड़कंप

- सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल के वाहन
- हजारों रुपयों का सामान जलकर हुआ राख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस स्थित चिकन शॉप मे आग लगने के बाद लोग एकत्रित हो गए। उसके बाद पुलिस भी आ गई। बाद में सूचना मिलने के बाद दमकल के वाहन भी पहुंच गए। उसके बाद दुकान से निकल रहे धुंए को पानी से बुझाया। जिससे हजारों रुपयों का सामान जलकर राख हो गया।

सिविल लाइंस के पुराने रोडवेज के पास अहमद चिकन शॉप है। जहां से गुरुवार रात को बंद दुकान से अचानक से धुंआ निकलने के बाद लोग घबरा गए। आस पास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उसके बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई। फिर जानकारी मिलने के बाद दमकल की गाड़िया पहुंच गई। उसके बाद दुकान स्वामी को फोन करके बुलाया गया। दुकान खुलवाने के बाद आग को बुझाया गया। फिर जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओमकार सिंह का कहना है कि कहीं पर कोई आग नहीं लगी है।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com




## एक नजर

### 25 तक कराए उपलब्ध

**रामपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया किगणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2027 के अवसर पर भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किए जाने हैं। खेल क्षेत्र से संबंधित इच्छुक व्यक्तित्व अपने खेल उपलब्धियों एवं कृतित्व से संबंधित साइटेशन की तीन प्रतियां क्षेत्रीय खेल कार्यालय, सोनकपुर स्टेडियम, मुरादाबाद में 25 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि संबंधित महानुभावों के नाम खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अग्रसारित किए जा सकें।

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रामपुर।** जिले भर की पुलिस ने अभियान चलाकर दो वारंटियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चले गए। थाना टांडा पुलिस द्वारा वारंटी भूप सिंह पुत्र हीरा लाल निवासी ग्राम लाम्बाखेड़ा थाना टांडा को उसके मकान से गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई की। इसके अलावा थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रहीस उर्फ रईस पुत्र रशीद शाह निवासी ग्राम अलीनगर नूरपुर थाना टांडा मकान से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की।

# कोसी पुल से लेकर मिलक तक हाईवे पर जगह-जगह बने कट, बन रहे हादसों का कारण

## कई स्थानों पर साइन बोर्ड नहीं होने के कारण भी वाहन चालक होते परेशान



- ट्रैफिक इंचार्ज ने निरीक्षण करके उच्च अधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** हाईवे पर कुछ स्थानों पर जगह-जगह अवैध कट होने के कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे है। कोसी पुल से लेकर मिलक सीमा तक कई स्थानों पर साईन बोर्ड नहीं लगने के कारण भी लोगों को काफी परेशानियां आ रही है।

एनएच 9 पर अवैध कटों से लेकर साईन बोर्ड नहीं लगने के कारण भी वाहन चालकों को काफी परेशानियां आ रही है। जिस कारण से हादसे होते रहते हैं। इतना ही नहीं कई स्थानों पर सर्विस रोड भी गड्ढों में तब्दील होने के कारण वहां से गुजरने वाले चालकों को दिक्कतें आती है। कमियां होने के कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों के द्वारा इन हादसों पर रोक लगाने के लिए समय-समय बैठक करके जानकारी ली जाती है। उसके बाद हाईवे के जुड़े अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाते हैं।कई रोज पहले टीआई राजीव कुमार कोसी पुल से लेकर मिलक सीमा तक एनएच 9 का निरीक्षण किया था।जिसमें उनको कुछ कमियां आई। उसके बाद उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। ताकि हादसे रुक सके। कई स्थानों पर अवैध कट हो जाने के कारण हादसे ज्यादा हो रहे हैं। टीआई राजीव कुमार ने बताया कि हादसों पर रोक लगाने के लिए निरीक्षण करके उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जिसका निस्तारण जल्द किया जाएगा।

### शाहबाद पुल के अंडर पास में नहीं लगी रेलिंग

गांव पंजाबनगर के शाहबाद बाईपास पुल पर बने अंडरपास के पास हाईवे किनारे रेलिंग नहीं लगी है। इसके अलावा शाहबाद बाईपास की सर्विस रोड टूटी होने के कारण भी वहां से दिन भर धूल उड़ती है। कई बार वाहन तक पलट चुके हैं। लोगों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद भी सुधार नहीं हो सका है। हाईवे किनारे स्थित एक अस्पताल के सामने कट होने के के कारण भी हादसे होते रहते हैं।

### मंदिर के पास बने कट, लोग परेशान

। थाना शहजादनगर के गांव उदयराज की मढैया गांव में हाईवे किनारे बने मंदिर के सामने जगह-जगह काफी कट हैं। जिस कारण से लोग पूरे दिन वाहनों से कट से डिवाइडर को पार करते हैं। इससे हादसे हो जाते हैं। इसके साथ मेघा नगला कदीम गांव के सामने हाईवे पर लाइट होना चाहिए। वहीं शहजादनगर जीरो प्वाइंट से मिलने वाली कल्याणपुर रोड पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण भी लोग वाहनों को दौड़ाते है।

### पसियापुरा में सर्विस रोड तक नहीं बनीं

कोसी पुल की ढोकर से दिल्ली,मुरादाबाद, बरेली की ओर जाने वाले रास्ते में कई बड़ा साईन बोर्ड नहीं होने के कारण भी लोग परेशान हो जाते हैं।जिस कारण से वहां पर एक साइन बोर्ड होना चाहिए।छोटे साइनबोर्ड लगे होने के कारण लोग भ्रमित हो जाते हैं। इसके अलावा कोसी पुल से बरेली की ओर चलकर गांव मंसूरपुर में हाईवे किनारे रेलिंग नहीं लगी है। रोड घुमावदार होने के कारण भी लोगों को दिक्कते आती है।वहां पर भी साइन बोर्ड की आवश्यकता है। इसके साथ गांव पसियापुर में सर्विस रोड नहीं बनी है। वाहन वहां से आते जाते है। इस कारण से भी हादसे हो रहे है। वहां पर सर्विस रोड बनना चाहिए।

# मंदिर में प्रेमी प्रेमिका ने की शादी

- विधि-विधान से विवाह कराया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक-युवती के बीच पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। स्वजन ने मामले की शिकायत कोतवाली में की पहुंची। उसके बाद दोनों पक्षों व गणमान्य लोगों के बीच पंचायत चली। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन युवक-युवती बालिग होने के कारण साथ रहने की जिद पर अड़े रहे। उन्होंने पुलिस से कहा कि हम दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी करना चाहते हैं। इसके बाद दोनों के परिजन राजी हो गए।कोतवाली परिसर में स्थित मंदिर में पंडित को बुलाकर विधि-विधान से विवाह कराया गया। युवक ने युवती की मांग भरी। पुलिस कर्मियों व परिजनों ने नव दंपती को आशीर्वाद दिया। सीओ आरएस परिहार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी। दोनों पक्षों को बुलाया गया जिसमें युवक द्वारा शादी से इनकार किया जा रहा था। बाद में दोनों पक्षों को समझाने के बाद दोनों पक्ष मान गए और शादी के लिए तैयार हो गए।मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।



प्रेमी के गले में माला डालती प्रेमिका। -जागरण मोर्चा

# राज्यसभा सांसद का भाजपा नेता ने स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत

जागरण मोर्चाकार्यालय

**मसवासी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तीन राज्यों के प्रभारी अमरपाल मौर्य को नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मोर्य ने अपने निवास पर सम्राट अशोक की लाट का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया तथा पार्टी एवं समाज के बारे में विस्तार से चर्चा की गई इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन लाल मौर्य ,जिला कार्यालय प्रभारी मयंक मौर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, पवन मौर्य , सुभाष मौर्य आदि शामिल रहे ।



मसवासी में राज्य सभा संसद को स्मृति चिन्ह भेंट करते पूर्व पंचायत अध्यक्ष हरिओम सिंह मौर्य। -जागरण मोर्चा

### नाबालिग पुत्री को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** किशोरी का अपहरण करके ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया। टांडा निवासी महिला ने दो मई को मोनू पुत्र नरेश निवासी ग्राम फत्तावाला दढियाल उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया था।इस मामले में बन्टी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के क्रम में मुकदमें में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा-65(1) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की।पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टांडा पुलिस द्वारा फरार आरोपी मोनू को जटपुरा की पुलिया से गिरफ्तार करके आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

# बच्चों को अग्नि सुरक्षा के बारे में बताया

- अग्निशमन यंत्र का किया लाइव प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** शुक्रवार को गुरु नानक अकेडमी में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बचाव व प्राथमिक उपायों की जानकारी देना था।लाइव डेमो से समझाया गया। जिसमें अग्निशमन विभाग के फायर ट्रेनर रामपुर, पिरत पाल सिंह ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के तरीके तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया। फायर ट्रेनर ने अग्निशमन यंत्र के उपयोग का लाइव प्रदर्शन भी किया।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमेन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान, एमडी मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना व उपप्रधानाचार्य अमित गंगवार ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी को आग से बचाव व सतर्कता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।



कार्यक्रम में शामिल छात्र। -जागरण मोर्चा

# मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- 16 सूत्रीय मांगों के सापेक्ष धरना और प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ऑल इंडिया एसबीआई स्टॉफ फेडरेशन से जुड़े स्टेट बैंक कर्मचारी संघर्ष की राह पर पिछले लम्बे समय से स्टेट बैंक प्रबंधन की ओर से कर्मचारी, अधीनस्थ वर्ग के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। फेडरेशन स्तर पर लगातार हो रही वार्ताओं के बावजूद सभी मांगें या तो जान बूझ कर लंबित रखी जा रहीं हैं या कुछ मामलों में प्रबंधन ने लागू करने का आश्वासन देने के बावजूद अभी तक लागू नहीं किया। कुछ मामलों में द्विपक्षीय वार्ता नियमों का पालन न करते हुए प्रबंधन ने अधिकारी संवर्ग को ओअतिरिक्त मौद्रिक लाभ दिए। हम समान रूप से मौद्रिक लाभों की मांग करते हैं।

कर्मचारियों ने बताया कि 16 सूत्रीय मांगों के सापेक्ष धरना और प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। आंदोलन आत्मक कार्यक्रम के प्रथम चरण में शुक्रवार को शाम को 5:30 भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र 5 रामपुर के प्रांगण में सभी स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी मांगों के संबंध बैंक प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी की प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने संबोधन में कहा जब तक बैंक प्रबंधन हमारी जायज मांगों को पूरी नहीं करेगा हमारा आंदोलन जारी रहेगा।25 में 26 मई को पूरे देश भर में भारतीय स्टेट बैंक में हड़ताल रहेगी। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के मुख्य शाखा के सचिव उत्कर्षा सिंह ने कहा आगामी हमारी हड़ताल पूर्णता सफल रहेगी। स्टाफ एसोसिएशन के सर्किल डेलीगेट कामरेड ओम शंकर ने भी बैंक प्रबंधन की आलोचना की। जब भी आंदोलन हुआ है हमेशा बैंक प्रबंधन को झुकना पड़ा है। इस मौके पर तरु राज सक्सेना, अपूर्वा जैन, प्राची, निशा,अभिषेक, विनय सिंह, विनय गिल, राधिका, अर्चना कम्मो आदि ने ने प्रदर्शन किया।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

### यह है मांगे

मैसेंजर एवं गार्ड भर्ती तत्काल चालू की जाए,एनपीएस फंड मैनेजर में बदलाव, 2019 के बाद के लोगों के लिए भी इंटर सर्किल ट्रांसफर लागू करो,मेडिकल स्कीम बेहतर की जाए वेतन समझौते की समानता लागू करो। आउटसोर्सिंग बंद हो, वर्क मैन डायरेक्टर की नियुक्ति तत्काल हो।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** महिला की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया। टांडा थाने में 27 अप्रैल को आरोपी पति रोहित, जेठ चंचल,जेठानी रेखा, नन्द आयुश, सास मीना देवी पत्नी रामरतन द्वारा पीड़ित की पुत्री को दहेज के लिये प्रताड़ित कर मारपीट करना एवं 19 अप्रैल को उसकी पुत्री को कमरे में बन्द करके आग लगा देना। जिससे वादी की पुत्री की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना टांडा पर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी रोहित पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम मुवाना को जटपुरा की पुलिया से गिरफ्तार करके आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

# 'एक साल से खराब पड़ा है ट्रांसफॉर्मर'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** स्वार क्षेत्र के ग्राम भगवंत नगर स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफॉर्मर करीब एक वर्ष से खराब पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर लगने के बाद से ही सही ढंग से चालू नहीं हो सका और लगातार खराब स्थिति में बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर कई बार शिकायत करने के बावजूद भी दुरुस्त नहीं कराया गया। इससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि खराब ट्रांसफॉर्मर को हटाकर उसकी जगह नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारु हो सके और भविष्य में किसी बड़ी समस्या का सामना न करना पड़े।इस दौरान अशोक कंबोज, कमल कंबोज, गोपी कंबोज, गुड्डू सिंह, मेहरबान, आसाराम और हाकम राम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उधर अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की खराब ट्रांसफार्मर की उन्हें जानकारी नहीं थी ग्रामीणों से शिकायत मिली है शीघ्र ही ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर कर चालू कराया जाएगा।



खराब ट्रांसफार्मर को लेकर नाराजगी जताते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

# टांडा पुलिस ने 11 किलो गांजा के साथ महिला समेत दो तस्कर दबोचे




पुलिस की गिरफ्त में दो महिला तस्कर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** टांडा पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला समेत दो लोगों को 11 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी टांडा के नेतृत्व में थाना टांडा पुलिस मंगलवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रफातपुर जाने वाली ठंडी सड़क पर संदिग्ध लोग मादक पदार्थ के साथ मौजूद हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने डालचंद की रोड किनारे खाली पड़ी जगह पर दबिश दी, जहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनू सैनी पुत्र चौखेलाल निवासी प्रेमनगर नई बस्ती, थाना टांडा तथा शाहजहा पत्नी गुलाम मुस्तफा निवासी मोहल्ला मनिहारान, थाना टांडा के रूप में हुई।तलाशी के दौरान पुलिस ने दो पुलिंदों से कुल 11 किलो गांजा बरामद किया। इनमें एक पुलिंदे में 5.190 किलोग्राम तथा दूसरे में 5.810 किलोग्राम गांजा पाया गया।

**सराहनीय** कंट्रोल रूम से लिया जा रहा शिकायतकर्ताओं का फीडबैक

# जन शिकायतों के निपटारे में जिले ने रचा इतिहास



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश में जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में जिले ने अपना डंका बजाते हुए लगातार चौथी बार प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शासन की ओर से जारी अप्रैल 2026 की मासिक रैंकिंग में रामपुर ने 140 में से 138 का शानदार स्कोर प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रैंकिंग में लगा यह चौका पूरी तरह से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कड़े निर्देशों और सूक्ष्म मॉनीटरिंग का नतीजा है, जिसने जिले को पूरे सूबे में शिकायतों के निपटारे का रोल मॉडल बना दिया है। लगातार चौथी बार पूरे प्रदेश में शीर्ष पर काबिज होना कोई इत्तेफाक नहीं है। यह डीएम के उस कुशल नेतृत्व और सख्त रवैये का परिणाम है, जिसमें फरियादियों की अनदेखी के लिए कोई जगह नहीं है। उनकी स्पष्ट रणनीति है कि हर शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। डीएम की इसी निरंतर मॉनीटरिंग के चलते सभी विभागों में जवाबदेही तय हुई है और जिले ने रैंकिंग में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है।

### लक्ष्य सिर्फ फाइल बंद करना नहीं, चेहरे पर मुस्कान लाना है

लगातार चौथी बार प्रथम रैंक आने पर जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन की पहली और आखिरी प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की साफ मंशा है कि कोई भी फरियादी कार्यालय से निराश होकर न लौटे। हमारा लक्ष्य सिर्फ शिकायत की कागजी फाइल को बंद करना नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता को त्वरित न्याय दिलाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना है। प्रशासन आगे भी इसी पारदर्शिता के साथ जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगा।

**कंट्रोल रूम से क्रॉस चेक, सीएम ऑफिस की भी सीधी नजर**

प्रशासन ने सिर्फ कागजी निपटारे पर भरोसा नहीं किया है, बल्कि इसकी जमीनी हकीकत परखने के लिए एक विशेष आईजीआरएस कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यहां जैसे ही किसी फरियादी की शिकायत का विभागीय निस्तारण होता है, उसके तुरंत बाद कर्मचारी फोन मिलाकर शिकायतकर्ता से बात करते हैं और उसकी संतुष्टि का फीडबैक लेते हैं। उच्चाधिकारियों की इस क्रॉस-चेकिंग के साथ-साथ, रामपुर जिले के इस बेहतरीन प्रदर्शन का सीधा अवलोकन स्वयं मुख्यमंत्री कार्यालय के स्तर से भी किया जा रहा है आईजीआरएस में लगातार अपनी रैंक बनाए रखना एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रभारी अधिकारी श्री अनुराग सिंह ने बताया कि शासन द्वारा शिकायतों के निस्तारण के लिए कड़े मानक तय किए गए हैं। इनमें समयबद्ध मार्किंग, डिफाल्टरों की संख्या को शून्य रखना और सबसे अहम सी-श्रेणी (मुख्यमंत्री संदर्भ) की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा शामिल है। रामपुर ने इन सभी कठिन पैमानों पर शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की है। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय प्रशासनिक टीम वर्क, नियमित मॉनीटरिंग और विभागों के आपसी समन्वय को दिया है।

# प्रत्येक बूथ की मजबूती ही भाजपा की विजय का आधारः अमरपाल

## संगठन की वैचारिक शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पहचान है, उत्सव पैलेस में हुआ कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। –जागरण मोर्चा



महा अभियान का फीता काटकर उद्घाटन करती विधायक राजवाला। –जागरण मोर्चा

**यह रहे मौजूद**

राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक राजबाला, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, राजा वर्मा, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पवन शर्मा, ख्यालीराम लोधी, सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सैनी, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, अभय गुप्ता, काशीराम दिवाकर, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख हरि बालाजी,अर्चना गंगवार, मोहित सैनी, कुलवंत औलख,युसूफ अली, मोहन कुमार लोधी, हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी,आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, विवेक रुहेला, शुभम सक्सेना, पारुल अग्रवाल, श्वेता शर्मा, दीपक गुप्ता, विकास दीक्षित, प्रमोद आहूजा,भारत भूषण गुप्ता, राजीव मांगलिक, शुभम राठौड़, सुनील मौर्य, कुंवर बहादुर राजपूत, करतार सिंह लोधी, पूजा शर्मा, अमित दिवाकर, आशीष गुप्ता,कपिल गुप्ता, विक्रम सिंह आदि बड़ी संख्या में प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के प्रथम दिवस का शुभारंभ शुक्रवार को उत्सव पैलेस में हुआ। प्रशिक्षण अभियान के प्रथम दिन विभिन्न विषयों पर क्रमवार प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षण महा अभियान के तहत लगाई प्रदर्शनी के उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मिलक विधायक राजबाला द्वारा किया गया।

भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन की वैचारिक शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पहचान है।इसके बाद उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। जिसमें भूपेंद्र चौधरी ने कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर अपना विस्तृत वर्ग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनावी सफलता संगठन की निरंतर सक्रियता, अनुशासन एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से सुनिश्चित होती है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने की। जिसके बाद द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया। द्वितीय सत्र का विषय बूथ प्रबंधन रहा, जिस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने अपना विषय रखा जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता ने की।

बूथ को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ की मजबूती ही भाजपा की विजय का आधार है। उन्होंने बूथ समितियों की सक्रियता, मतदाता संपर्क एवं संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की। तृतीय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी पश्चिम क्षेत्र के महामंत्री हरिओम शर्मा ने भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।चतुर्थ सत्र में विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजन ने कार्यकर्ता का विकास विषय पर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रथम दिवस में कुल छह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाने हैं।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह, अनुशासन एवं संगठन के प्रति समर्पण का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर ने किया।

## एक नजर



### एएसपी ने सुनी समस्याएं

**रामपुर।** शुक्रवार को एएसपी ने आफिस में लोगों की समस्याएं सुनी ।उसके बाद संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए ।अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को दिशा–निर्देश दिए।

### चाइल्ड हेल्पलाइन ने दो बच्चों को परिजनों से मिलाया

**रामपुर।** चाइल्ड हेल्पलाइन ने त्वरित कार्रवाई एवं काउंसलिंग के माध्यम से दो भटके बच्चों को सकुशल उनके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है। 5 मई 2026 को रेलवे स्टेशन पर लगभग 13 वर्षीय एक बालक लावारिस अवस्था में मिला। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक को संरक्षण में लेकर काउंसलिंग की। पूछताछ में बालक ने अपना नाम पुष्पजीत सिंह पुत्र चन्द्रजीत सिंह निवासी कैमूर, बिहार बताया।

परिजनों से संपर्क कर बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां 7 मई को उसके पिता को सुपुर्द कर दिया गया।

इसी क्रम में 6 मई को रोडवेज बस स्टैंड पर लगभग 10 वर्षीय बालक देव लावारिस अवस्था में मिला। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक की काउंसलिंग की, जिसमें उसने अपना पता अलीगंज, जनपद एटा बताया। परिजनों से संपर्क कर बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उसके पिता राजेश कुमार को बालक की सुपुर्दगी सौंप दी गई।

## शाहबाद में निजी प्रकाशन की महंगी पुस्तकों से हो रही पढ़ाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शहर के बिलारी रोड स्थित शहीद भगत सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज एक बार फिर विवादों में घिर गया है।अभिभावकों की शिकायत पर शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल कॉलेज पहुंचीं। महंगी किताबों से पढ़ाई कराने के मामले की जांच की। जांच के दौरान विद्यार्थियों के पास एनसीईआरटी पुस्तकों के स्थान पर एनसीईआरटी बेस्ड निजी प्रकाशन की किताबें मिलीं, जिस पर डीआईओएस ने विद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

अभिभावकों ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि विद्यालय में शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की निर्धारित पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशन की महंगी किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है।शिकायत मिलने के बाद डीआईओएस ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों की पुस्तकों की जांच की। जांच के दौरान कई विद्यार्थियों के पास निजी प्रकाशन की एनसीईआरटी बेस्ड पुस्तकें मिलीं। जिसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात कही।डीआईओएस अंजलि अग्रवाल ने बताया, अभिभावकों की शिकायत पर विद्यालय की जांच की गई है।जांच में छात्राओं के पास एनसीईआरटी पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशन की पुस्तकें मिली हैं। विद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

## 'कुर्बानी पर वहीं जानवर काटे जिसकी सरकार इजाजत दे'

- जामा मस्जिद में लगाई गई छबील

जागरण मोर्चा कार्यालय



जामा मस्जिद में तकरीर करते मौलाना फैजान खां।



जामा मस्जिद में शरबत लेते नामाजी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जुमे की नमाज से पहले खुदवे की तकरीर करते हुए मौलवी फैजान खां नायब इमाम ऐ शहर, इमाम जामा मस्जिद ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि बहुत जल्द ईद उल अजहा आने वाली है। इस ईद पर मुसलमानों द्वारा जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। उन ही जानवरों की कुर्बानी करें। जिसकी सरकार इजाजत देती है। प्रतिबंधित कोई भी जानवर की कुर्बानी न करे।

उन्होंने कहा कि कोई भी कौम और मजहब ऐसा नहीं है। जिसमे कोई त्योहार न हो। हर मजहब कौम में त्यौहार खुशियां मनाने के लिए मनाए जाते हैं। मजहब ऐ इस्लाम में भी दो ईदें है। जिसमें ईद उल फितर जोकि जा चुकी है। जबकि बकरा ईद आने वाली है। ईद का माना बार बार आना है। ईद का मतलब नये कपड़े पहनना ,खुशबू लगाना, अच्छे पकवान बनाना नहीं बल्कि, ईद का मकसद मजहबे इस्लाम की दीनी बुनियादी बातों को मानना औ र शरीयत पर अमल करना है। ईद पर इबादत करके अल्लाह की रजा हासिल करना,और अपने गुनाहों से तौबा करना ही है।

उन्होने एक बार फिर से अपील करते हुए कहा कि बकरीद पर कोई भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न करे। वहीं जानवर की कुर्बानी करें ,जिसकी सरकार इजाजत देती है। जैसे भैस,कटरा ,बकरा आदि शामिल हो। इसके बाद नमाज अदा कराई गई। जिसमें अमन, चैन और भाईचारे की दुआ हुई। जामा मस्जिद की कमेटी की ओर से जामा मस्जिद में गर्मी को देखते हुए नमाजियों के लिए शरबत बांटा गया। इस मौके पर सचिव मुकर्रम रजा खां इनायती, अध्यक्ष शुऐब मियां, शकील उस्मानी, शकील अहमद, मोहम्मद मियां मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

- श्रमिक पंजीयन के लिए विकास खंड स्तर पर विशेष शिविर किये जाएं आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी प्रभु एन. सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि विकास खंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों का पंजीयन कराया जाए। साथ ही फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों का भी पंजीयन सुनिश्चित करते हुए उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।पंचायतीराज विभाग की समीक्षा में जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 1100 सफाई कर्मी एवं 680 ग्राम पंचायतें हैं। नोडल अधिकारी ने फील्ड में सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा निलंबित सफाई कर्मियों के संबंध में भी जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि जनपद में 18 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 05 का सुधार कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस पर नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष ब्लैक स्पॉटों का चिन्हांकन कर उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर कहीं भी अवैध कट न पाए जाएं, क्योंकि अवैध कटों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।कृषि विभाग की पीएम कुसुम योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि सोलर पंप योजना के अंतर्गत 270 लक्ष्य के सापेक्ष 216 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 192 किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है। नोडल अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि शेष पात्र लाभार्थियों का पंजीयन कराते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कार्यरत चिकित्सकों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए स्थानीय स्तर पर अनुबंध आधारित नियुक्तियां निकाली जाएं, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में 147 दुग्ध समितियां हैं, जिनमें से 80 समितियां क्रियाशील हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अक्रियाशील समितियों को शीघ्र सक्रिय किया जाए।

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया**

पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर अधिक से अधिक लोगों को योजना से लाभान्वित किया जाए। बाल पुष्टाहार कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटर में भर्ती कराकर उनका समुचित उपचार कराया जाए। बैठक में जिला वनाधिकारी प्रणव जैन, अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) संदीप कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**रामपुर।** कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। उसको पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइंस निवासी राहुल किसी काम से मिलक जा रहा था कि रास्ते में पीछे से आ रहे कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

हादसे के बाद आस पास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। उसके बाद किसी तरह से उसको पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा था।

## भाजपा प्रत्येक कार्यकर्ता की रीढ़ः कुंवर बहादुर



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक आर्य समाज मंदिर पट्टी टोला में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत ने कहा कि भाजपा प्रत्येक कार्यकर्ता की रीढ़ है। सभी को पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल असम तथा पांडिचेरी में भाजपा सरकार बनने में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा है। जिसके लिए वहां के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। इससे पूर्व नयागंज मंडल के अध्यक्ष राजू सुमन श्रीमाली ने विचार रखें।उन्होंने सभी को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। बैठक में पवन कश्यप, हीरालाल, सार्थक, नदीम खान, प्रदीप रावत, कमल कुमार तुरैहा, निखिल सक्सेना, संजय अग्रवाल, संजय सैनी, भगवत सरन सक्सेना अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सक्सेना ने की।

## आईजीआरएस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में जिले को मिला प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के कुशल नेतृत्व में आईजीआरएस कार्यालय द्वारा जनशिकायतों का निस्तारण उच्च स्तर पर किया जा रहा है ।

उक्त के फलस्वरूप माह अप्रैल–2026 में शासन स्तर पर की गई समीक्षा मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में जनपद ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च में भी प्रथम स्थान पर रहा था। प्राप्त समस्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है । विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया। निस्तारित की गई शिकायतों की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके । जिले के प्रथम स्थान पर आने पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस शाखा में नियुक्त कर्मियों को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया।

खेल | कुश्ती प्रतियोगिताओं में जीती धनराशि कबड्डी में लगा दी

## बच्चों को कबड्डी के गुण सिखा रहे सुनील

जागरण मोर्चा कार्यालय





बालकों के साथ कबड्डी खेलते सुनील यादव। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मूल रूप से तहसील शाहबाद के ग्राम भवरंका निवासी किसान वीर सिंह यादव के छोटे पुत्र सुनील ने कबड्डी खेल की शुरुआत गांव के मैदान से की थी लेकिन जुनून ऐसा कि दो बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में खेलकर कबड्डी मैट तक का सफर तय कर लिया।

सुनील बताते है कि जब वह महज 10 साल के थे तब उन्होंने अपने बड़े भाई अनिल यादव वर्तमान समय में भारतीय सेना में सूबेदार से प्रेरणा लेकर कबड्डी की शुरुआत की। सुनील कबड्डी की तैयारी के लिए मुरादाबाद चले गए।7 बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तथा 2 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल हुए, लेकिन उनके आर्थिक तंगी का हाल इस कदर था कि वह प्रेम तो कबड्डी खेल से करते परंतु कुश्ती में भी जोर लगाने लगे। बताया कि वह कुश्ती प्रतियोगिताओं में जो धनराशि जीतते उसे अपने कबड्डी खेल में लगा लेते वर्ष 2019 में आई कोविड महामारी ने सुनील के खेल पर भी विराम लगा दिया। बढ़ती उम्र के साथ सुनील ने अपने जैसे और खिलाड़ियों को तैयार करने का फैसला किया,सुनील बताते है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क खेल संबंधी प्रतियोगिताएं कराते और प्रतिभावान खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने का प्रयास करते हैं।

सुनील के सिखाएं कई खिलाड़ी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बन चुके है। सुनील ने बताया कि उनके सिखायें खिलाड़ी अमित कुमार यादव भारतीय सेना की टीम से कबड्डी खेल रहे हैं।सुनील के गांव के ही सुधीर भी मध्य प्रदेश राज्य के ग्वालियर में अपनी कबड्डी की तैयारी कर रहे है।

सुनील कहते हैं कि समय ने मुझे तो हीरा नहीं बनाया परंतु मैं समय के साथ अपने सैकड़ों खिलाड़ियों को हीरा बनाने का काम करूंगा।

# पति से झगड़ा, महिला ने दी जान

## खेत पर ट्यूबवेल की कोठरी में लटका मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां एक 60 वर्षीय महिला ने पति के अवैध संबंधों और आए दिन होने वाले पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर मौत को गले लगा लिया। महिला का शव खेत पर बनी ट्यूबवेल की कोठरी में फंदे से लटका मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर परिवार के साथ ग्रामीणों से जानकारी में जुट गई।


रूपवती की मौत के बाद विलाप करते परिजन।

कैथल गांव निवासी रूपवती शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे पशुओं के लिए चारा लेने अपने खेत पर गई थीं। लगभग डेढ़ घंटे बाद, उनका बेटा संतोष जब उनके लिए खाना लेकर पहुंचा, तो मां वहां दिखाई नहीं दीं। तलाश करने पर उसने ट्यूबवेल की कोठरी का दरवाजा अंदर से बंद पाया। जिस पर जब उसने दीवार की दरार से अंदर झांका, तो अंदर का मंजर देखकर उसकी चीख निकल गई। अंदर मां का शव पंखे के कुंडे से रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर सीओ दीपक तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कोठरी का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने दीवार की ईंटें हटवाकर गेट खोला और शव को नीचे उतारा। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। वहीं लोगों का कहना था कि मृतका के पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध थे, जिसका रूपवती विरोध करती थी। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था।


मृतका रूपवती का फाइल फोटो।

बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात भी इसी मुद्दे पर पति-पत्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिससे आहत होकर महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया।सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने एवं वीडियो वायरल की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवती ने तहरीर में बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसका आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसके फोटो और वीडियो भी बना लिए। जब उसने इस मामले का विरोध किया और शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी एवं उसके भाई ने उसके साथ गाली-गलौज की तथा फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी विजय पुत्र सुनील दत्त एवं उसके भाई अजय पाराशर निवासी इमलोटा, चरखी दादरी, हरियाणा के खिलाफ 135/26 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## संक्षेप समाचार

### मारपीट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी।** नगर के कायस्थान मुहल्ला निवासी हिमानी गुप्ता पत्नी हनी ने कोतवाली में तहरीर देकर नगर के कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गिरधर, आयुष निवासी बृजनगर कालोनी,नानू उर्फ प्रांजल, उमेश गुप्ता निवासी देवी मौहल्ला, पंचू गुप्ता रघुवीर नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हिमानी का आरोप है कि वह गुरुवार की रात बहजोई तिराहा से पति के साथ स्कूटी से आ रही थी। प्राइवेट बहजोई बस स्टैंड के पास कुछ लोगों ने स्कूटी रोक ली। वह कुछ समझती उससे पहले ही उन लोगों ने स्कूटी से खिंचकर उसको सड़क पर गिराकर लात घुसों व डंडे से मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग आ गए, जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### अंजू शर्मा बनीं मातृ भारती परिषद की अध्यक्ष एवं सोनिका शर्मा उपाध्यक्ष

**चन्दौसी।** नगर के महाजन मुहल्ला स्थित लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मातृ - पितृ पूजन एवं मातृ भारती परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना, चित्रों पर पुष्पार्चन एवं पूजन किया गया उसके बाद मातृ पितृ पूजन एवं मातृ भारती परिषद गठन सम्पन्न हुआ। संभाग निरीक्षक देवेश कुमार ने मातृ भारती परिषद के पदाधिकारियों एवं मान्य सदस्यों को अपने दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। मातृ भारती परिषद में किरण वार्ष्णेय (संरक्षिका), पिंकी शर्मा (संयोजिका), रोली अग्रवाल (सहयोजिका), अंजू शर्मा (अध्यक्ष), सोनिका शर्मा (उपाध्यक्ष), मानसी तिवारी (मंत्री), पूजा अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) मनोनीत हुए। इस दौरान प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रबंधक कुलदीप कुमार वार्ष्णेय, डा. टीएस पाल, हृदेश यादव, देवेश कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य राजवीर ने किया।

# रंगदारी मांगने वाले बाबा गैंग का पर्दाफाश, 6 अभियुक्त गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में जुनावई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय और लोगों में दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलने वाले बाबा गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से अवैध हथियार और घटना में प्रयुक्त एक बुलेरो गाड़ी बरामद की गई है। इसका पर्दाफाश बहजोई में एडीशनल एसपी मनोज कुमार ने प्रेसवार्ता में किया।


रंगदारी मांगने वाले आरोपियों का खुलासा करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

पूरे मामले का खुलासा करते हुए एडीशनल एसपी मनोज कुमार ने बताया कि 6 मई 2026 को ग्राम दफ्तरा हिमचल निवासी रामपाल ने थाने में सूचना दी थी कि 3 मई को अंकित, अवधेश और उनके 10-15 साथियों ने उनसे एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रुपये न देने पर अभियुक्तों ने हवाई फायरिंग कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने धारा 308(5), 190, 191(2), 191(3), 351(3), 126 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद एसओजी/सर्विलांस और जुनावई पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार बाजार से सराय ब्राह्मण जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की पुलिस ने मौके से मुख्य अभियुक्त अंकित उर्फ दीपेंद्र और अवधेश को बुलेरो गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर अन्य साथियों— प्रिंस, कुलदीप जडेजा, अमन शर्मा और सुरेंद्र को भी गुन्नौर रोड तिराहे से धर दबोचा गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बताया कि वे बाबा गैंग के सदस्य हैं और व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम व फेसबुक पर अपना ग्रुप बनाकर 25-30 लोगों के साथ जुड़े हुए हैं। अपने शौक पूरा करने के लिए वे इलाके में लोगों को डरा-धमकाकर पैसे वसूलते थे। गैंग का इतना खौफ था कि लोग डर के मारे पुलिस में शिकायत नहीं करते थे। एडिशनल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। अंकित उर्फ दीपेंद्रः इसके विरुद्ध जुनावई थाने में मारपीट और जानलेवा हमले के 4 मामले दर्ज हैं। अवधेश पर गुन्नौर और जुनावई में चोरी व मारपीट के करीब 6 मुकदमे दर्ज हैं। प्रिंस, कुलदीप, अमन और सुरेंद्र पर बहजोई और जुनावई क्षेत्र के सक्रिय अपराधी हैं, जिन पर आर्म्स एक्ट और मारपीट के कई मामले पहले से चल रहे हैं। इनके पास से 2 अवैध तमंचे (315 बोर) 2 जिन्दा कारतूस (315 बोर) 1 सफेद रंग की बुलेरो गाड़ी (UP17Q3454) बरामद की गई है। पुलिस अब इस गैंग के अन्य 25-30 सदस्यों की तलाश में जुट गई है जो इंटरनेट मीडिया के माध्यम से इनके संपर्क में थे। इस दौरान थानाध्यक्ष धीरज सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, दिगेन्द्र सिंह और कांस्टेबल विक्की, अक्षय बालियान, भूपेश नागर, रिकिन व अग्रेश मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 103 अभ्यर्थियों का चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को नगर के बदायूं रोड स्थित राजकीय आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।


रोजगार मेले में पंजीकरण कराते युवक। -जागरण मोर्चा

> ▸ नगर के आईटीआई में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में हुआ मेले का आयोजन

रोजगार मेले का शुभारंभ मेला प्रभारी गौरव पूठिया के द्वारा किया गया। रोजगार मेला सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। जिसमे क्यूएस कार्प लिमिटेड (टाटा मोटर्स पंतनगर रुद्रपुर) कंपनी ने प्रतिभाग़ किया। रोजगार मेले में 187 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिसमें प्रथम साक्षात्कार में 103 अभ्यर्थियों का चयन ट्रेनी आपरेटर पद के लिए हुआ। चयनित अभ्यर्थी रोजगार के साथ टाटा मोटर्स से अपनी उच्च शिक्षा भी जारी रख सकते है। रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की करियर काउंसलिंग कराई गई, जिसमें उन्हें रोजगार संगम पोर्टल पर विदेश में आने वाली नौकरी के लिए अवसर एवं वेतन तथा नौकरी प्राप्त करने के लिए किया कोर्स करना है। इस दौरान सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह पाल, मुकेश गौतम आदि का सहयोग रहा।

# मेधावियों को एसडीएम ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के हनुमानगढ़ी स्थित जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में शुक्रवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें मेद्यावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।


जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में प्रार्थना करते छात्र।

उपजिलाधिकारी नीतू रानी ने बच्चों को भविष्य में उड़ान भरने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत, पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उपजिलाधिकारी ने स्मृति चिह्न और चैक भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और बच्चों को निरंतर कड़ी मेहनत करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने की सीख दी। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से अन्य छात्रों के अन्दर भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने का जज्बा पैदा होता है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनके अनुशासन व लगन की सराहना की।इस दौरान डा. श्रीनिवास यादव, रामौतार शर्मा, छत्रपाल यादव, सुनील कुमार, प्रतीक अग्रवाल, डा. वीरेश, पंकज सर्राफ, शिवम यादव, सुरेश चंद्र यादव, डा. टीएस पाल, जगपाल, मोहित गौड़, विष्णु वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक की गिरफ्तारी तय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा फ्लैट आवंटन में धोखाधड़ी और धनराशि वापस न करने के मामलों के बीच जिला उपभोक्ता आयोग, संभल ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी कर गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। आयोग की इस सख्त कार्रवाई से कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में खलबली मच गई है।मामला संभल के बेगम सराय निवासी इरफान का है। उन्होंने वर्ष 2013 में नया मुरादाबाद स्थित 'पार्श्वनाथ प्रतिभा' योजना में फ्लैट के लिए आवेदन किया था। कंपनी ने उनसे 4,39,678 रुपये जमा करा लिए और फ्लैट संख्या टी 10-704 आवंटित किया। हालांकि, वर्षों बीत जाने के बाद भी न तो उन्हें फ्लैट पर कब्जा दिया गया और न ही उनकी रकम वापस की गई।परेशान होकर उपभोक्ता ने आयोग का दरवाजा खटखटाया। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के अनुसार, मार्च 2025 में आयोग ने कंपनी को दो माह के भीतर क्षतिपूर्ति सहित धनराशि लौटाने का आदेश दिया था। आदेश का अनुपालन न होने पर आयोग ने इसे गंभीर अवमानना माना और चेयरमैन की गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व भी एक अन्य मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होते ही कंपनी ने आनन-फानन में बकाया राशि जमा कर दी थी। आयोग की इस कार्रवाई से ठगी का शिकार हुए अन्य उपभोक्ताओं में न्याय की उम्मीद जगी है।

# अधूरी बना कर छोड़ दी सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के पावर हाउस कालोनी में तहसील की ओर जा रही सड़क आधी अधूरी बना कर छोड़ दी है। अधबनी सड़क में गहरे गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील मुख्यालय की ओर जाने का ये आम रास्ता है।


पावर हाउस कॉलोनी की जर्जर सड़क से गुजरते बाइक सवार। -जागरण मोर्चा

इसके साथ पावर हाउस से तहसील की ओर जा रहे इस मार्ग पर किशोर न्यायालय व मोटरवाहन दुर्घटना अधिकरण आंगनबाड़ी केंद्र और ट्रांसफार्मर कार्यशाला भी स्थित है। वहीं पावर हाउस की भूमि पर रोडवेज बस अड्डे का निर्माण प्रस्तावित है। जिससे इस मार्ग से ग्रामीण अंचलों के लोग शहर में आते जाते हैं। अप्रैल माह में अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। इसके बाद विनियमित क्षेत्र की ओर से तहसील तिराहे से किशोर न्यायालय तक इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण कराया गया था। जबकि सड़क का काफी जर्जर हिस्सा ऐसे ही छोड़ दिया गया। इस लापरवाही व अधबने रास्ते का अब आलम ये है कि सड़क में खड़ंजे की ईंटें टूट कर मिट्टी में दब गई हैं। गहरे गड्ढे हो गए हैं। आए दिन लोग इन गड्ढों में फंसकर चोटिल हो रहे है इसके साथ दो पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पावर हाउस कालोनी होने की वजह से नगर पालिका इस मार्ग को अपनी हद में नहीं मानती है। इससे पूरा क्षेत्र ही विकास की राह जोह रहा है। ईओ धर्मराज राम ने बताया कि पावर हाउस की इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण विनियमित क्षेत्र से किया जा रहा है। नगर पालिका की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। शेष सड़क का निर्माण भी विनियमित क्षेत्र से ही होगा।

# शिक्षक ही समाज के सच्चे और प्रेरणादायक मार्गदर्शक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय आटा में गुरुवार को गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान का सम्मान करना तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना रहा।


पीएम गुरु बंधन- छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करतें अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका रूपा रस्तोगी एवं विनोद कुमार गुप्ता को शिक्षा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 1 से कक्षा 8 तक प्रत्येक कक्षा के एक-एक श्रेष्ठ छात्र एवं छात्रा को सम्मानित किया गया। जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के एस.एन. शर्मा तथा महेश कठेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं तथा विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं संस्कारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यालय में हो रहे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चयनिका ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों एवं विद्यार्थियों की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने एवं अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

# मंतेश जिलाध्यक्ष व जिला महिला प्रमुख प्रतिभा चौधरी बनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समदृष्टि, क्षमताविकास एवं अनुसंधान मंडल की मेरठ प्रान्त के जिला-सम्भल में जिला इकाई की परिचय एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर एक योजना बैठक हुई।


नवनियुक्त पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

बैठक में संगठन के उद्देश्य, विस्तार एवं आगामी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के गठन करके पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष- मंतेश वार्ष्णेय, जिला महिला प्रमुख- प्रतिभा चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य महिला- डोली शर्मा, जिला उपाध्यक्ष- डा. गौरव बंसल, जिला कोषाध्यक्ष- रोहित वार्ष्णेय, जिला प्रचार प्रमुख- शुभम अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य- अभिनव शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, रितिक वार्ष्णेय, आदेश कुमार, जिला सचिव अनुज वार्ष्णेय अन्नू को मनोनीत किया गया। प्रान्त संगठन मंत्री आशुतोष ने सक्षम संगठन के उद्देश्य, महत्व तथा समाज में इसकी भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सक्षम संगठन का मूल उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनके आत्मसम्मान, स्वावलंबन एवं अधिकारों को सशक्त करना है। संगठन न केवल सेवा कार्य करता है, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर सकारात्मक सोच का निर्माण भी करता है। हमें हर स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है, ताकि सामाजिकता के अनुरुओ दिव्यांगजन सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। बैठक में वार्षिक रूप से प्रस्तावित 6 प्रमुख कार्यक्रमों में से एक संत सूरदास जयंती के आयोजन को लेकर विशेष चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम दिनांक 9 मई 2026 को नगर के रामबाग रोड स्थित वृद्ध आश्रम में आयोजित किया जाएगा। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने एवं सामाजिक सेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले गया युवक

**हसनपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला से एक युवक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि युवती घर से 60 हजार रुपए की नगदी और कीमती सामान भी साथ ले गई है। नगर के मोहल्ला होली वाला बाल्मीकि बस्ती निवासी निवासी सविता पत्नी स्व. अनिल ने पुलिस को बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री को 6 मई की शाम करीब 6:30 बजे मोहल्ला खेवान निवासी युवक बहला-फुसलाकर कहीं ले गया। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। तहरीर के अनुसार, युवती अपने साथ घर में रखे 60 हजार रुपये और कुछ कीमती जेवर भी ले गई है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जब इस बारे में कस्बा इंचार्ज अंकुर बालियान से बात की तो उन्होंने बताया तहरीर प्राप्त हुई थी आरोपी कृष्णा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच की जा रही है।

# खूंखार कुत्तों के आगे बेबस प्रशासन!

## 10-12 आवारा कुत्तों ने मासूम को नोचा, जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा पांच वर्षीय अहरान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक अब इस कदर बढ़ चुका है कि सड़कों पर इंसानों से ज्यादा खौफ कुत्तों का दिखाई देने लगा है। जिम्मेदार विभाग फाइलों में अभियान चलाकर अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हैं, जबकि मासूम बच्चे खूंखार कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला सामने आया, जहां 10 से 12 खूंखार कुत्तों के झुंड ने पांच वर्षीय मासूम अहरान पर हमला बोलकर उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में बच्चे को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।



ठाकुरद्वारा में कुत्तों के हमले से मासूम गंभीर घायल। -जागरण मोर्चा

जानकारी के अनुसार थाना डिलारी क्षेत्र के गांव तुमरिया कला निवासी जुल्फिकार अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटे अहरान के साथ गांव फरीदनगर स्थित अपने बीमार साढू का हालचाल जानने आए थे। घर के अंदर बड़े लोग बातचीत में मशगूल थे, जबकि मासूम अहरान परिवार के अन्य बच्चों के साथ खेलते हुए घर से बाहर निकल गया। बताया जाता है कि जैसे ही अहरान सड़क पर पहुंचा, तभी वहां घूम रहे 10-12 आवारा खूंखार कुत्तों के झुंड ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों को हमलावर होते देख बाकी बच्चे तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन मासूम अहरान उनके बीच फंस गया। इसके बाद कुत्तों ने बच्चे को जमीन पर गिराकर बेरहमी से नोचना शुरू कर दिया। मासूम की दर्दनाक चीखें सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर दौड़े। लोगों ने लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़कर किसी तरह बच्चे की जान बचाई। तब तक मासूम का शरीर जगह-जगह से लहूलुहान हो चुका था। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रहे हैं। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा अब मासूम बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर नगर और गांवों में घूम रहे खूंखार कुत्तों पर नियंत्रण के लिए अभियान कब चलेगा? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे या मासूम की मौत का इंतजार कर रहा है? अब देखना यह है कि इस घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटती है या फिर हमेशा की तरह यह मामला भी कुछ दिनों की चर्चा बनकर फाइलों में दफन हो जाएगा।

## न्याय को भटक रहा 80 साल का वृद्ध किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** कांठ तहसील क्षेत्र से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम फत्तेपुर बिश्नोई निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग किसान महाराज सिंह वर्ष 2023 से अपनी ही जमीन की पक्की ठियेबंदी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।उप जिलाधिकारी न्यायिक (कांठ) की अदालत ने मई 2026 में पीड़ित के पक्ष में ठियेबंदी के आदेश जारी किए थे, लेकिन राजस्व विभाग की अनदेखी के चलते आदेश अब तक कागजों तक सीमित हैं। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी रामकिशोर आदि ने उनकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और अधिकारी विपक्षियों से साठगांठ कर मामले को लटका रहे हैं। थक-हारकर 80 वर्षीय वृद्ध ने अब मुख्यमंत्री पोर्टल और जिलाधिकारी मुरादाबाद से न्याय की गुहार लगाई है। किसान का कहना है कि उम्र के इस पड़ाव पर भी उन्हें अपने हक के लिए भटकना पड़ रहा है।

## संक्षेप समाचार




### हाई स्कूल टॉपर को साईकिल देकर सम्मानित किया

**रामपुर।** बेसिक के प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बेसिक विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर यूपी बोर्ड में हाई स्कूल की परीक्षा में जनपद टॉप करने वाली कनिष्का गंगवार को आज सत्येंद्र पांडेय प्रधानाध्यापक निस्वी ने साईकिल एवम स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्वी के प्राँगण में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी खण्ड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता सिंह ने बच्चे को पुरस्कृत किया। पीलीभीत से एनएमएमएसई के पुरोधा राज्य शिक्षक पुरुस्कार प्राप्त संतोष खरे ने विद्यालय के शैक्षिक प्रयासों की प्रशंसा की। छात्रा के अभिभावक और शिक्षक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुर शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक जाकिर सर ने विद्यालय से अपना जुड़ाव जाहिर किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने बेसिक के बदलते स्वरूप में शिक्षकों अभिभावकों के प्रयासों की खुले कंठ से प्रशंसा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी मिलक ने कनिष्का और अन्य बेसिक की मेधाओं के लिए शिक्षकों के निरंतर निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर समस्त एआरपी, नोडल एनएमएमएसई प्रभाकर गौतम, अवधेश कुमार, प्रियंका शर्मा नेहा, ज्योति, विवेक, गौरव, योगेंद्र, सुंदर, प्रदीप, नमन, तरुण आदि उपस्थित रहे।

### तीन माह पूर्व विवाहित युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, तीन पर मुकदमा दर्ज

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी विवाहित पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच और युवती की तलाश में जुट गई है। पीड़ित पिता जगराम के अनुसार, उन्होंने अपनी 21 वर्षीय पुत्री की शादी तीन माह पूर्व थाना आदमपुर के गांव पीतमपुर निवासी प्रेमवीर के साथ की थी। आरोप है कि 6 मई की दोपहर करीब 2 बजे कस्बा निवासी रामोतार सैनी ने अपने साथी फहीम और असलम की मदद से उनकी पुत्री को बहला-फुसला लिया और कहीं ले गया। काफी तलाश के बाद भी जब पुत्री का सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने पुलिस की शरण ली। तहरीर में बताया गया कि युवती फोन पर किसी से बात करती थी, जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जर्जर तार बदलने हेतु 4 घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**हसनपुर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के उपखण्ड अधिकारी ने सूचित किया है कि शनिवार, 09 मई को विद्युत लाइनों के अनुरक्षण कार्य के चलते नगर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत 11 केवी टाऊन-02 पोषक पर जर्जर तारों को बदलने का कार्य प्रस्तावित है। इसके चलते प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सुरक्षा कारणों से टाऊन-03 पोषक भी आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। इस कटौती से मुख्य रूप से सम्भल अड्डा, रहरा रोड़, लाल बाग, रैतिया एवं सम्भलयान मस्जिद क्षेत्र प्रभावित होंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जलापूर्ति एवं अन्य आवश्यक कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लें। उपखण्ड अधिकारी ने संबंधित अवर अभियंता को कार्य समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

### सोते समय मंदिर के सेवादार से मारपीट, 4 पर रिपोर्ट

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पुरानी रंजिश और आपसी विवाद को लेकर कुछ दबंगों ने रात के समय मंदिर परिसर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर स्थित शिव मंदिर के सेवादार निवासी गंगागिरी पुत्र बुद्धसैन ने पुलिस को बताया कि बीती 20 अप्रैल की रात करीब 1:00 बजे वह सो रहे थे। तभी गांव के ही अरविंद उर्फ विक्की, नौसिंह, सुरेश और अमित उनके पास आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। साथ ही भविष्य में बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, सामाजिक लोक-लाज और समझौते की उम्मीद में उन्होंने कुछ दिन इंतजार किया, लेकिन आरोपियों के न मानने पर अब थाने में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने ग्रामीणों के साथ गुरुवार की दोपहर कोतवाली गेट पर प्रदर्शनी किया था पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने पर गाजियाबाद के युवक ने एसपी से लगाई गुहार

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में शादी समारोह में आए एक युवक का कीमती मोबाइल चोरी होने के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। पीड़ित ने एसपी को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि कोतवाली पुलिस मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उसे 'गुमशुदगी' की रिपोर्ट लिखवाने का दबाव बना रही है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी रविन्द्र सिंह ने बताया कि वह बीते 23 अप्रैल को नगर के एक शादी मंडप में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। 24 अप्रैल की सुबह करीब 5:49 बजे उनके कमरे से सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड-5 मोबाइल चोरी हो गया। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त कर लिए, जिसमें संदिग्ध नजर आ रहा है। पीड़ित का आरोप है कि वह बार-बार थाने के चक्कर काटकर थक चुका है, लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही। पीड़ित ने एसपी से मोबाइल बरामद कराने और लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# अखिलेश के करीबी हाजी सलाउद्दीन चुनावी मैदान में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** विधानसभा सीट के लिए पार्टी हाईकमान से टिकट की मांग कर रहे अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आल इंडिया पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सलाउद्दीन मंसूरी ने गुरुवार को ठाकुरद्वारा पहुंच कर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने साफ़ तौर पर कहा कि यदि समाजवादी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनपर भरोसा जताता है तो वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान मे उतरेंगे और पार्टी को ठाकुरद्वारा सीट से ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे।




ऑल इंडिया पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्षहाजी सलाउद्दीन मंसूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते।

बता दें कि फ़िलहाल ठाकुरद्वारा सीट पर लगभग पिछले एक दशक से समाजवादी पार्टी के विधायक नबाव जान का कब्ज़ा है लेकिन इस बार कई अलग-अलग सर्वों के मुताबिक़ उनकी हालत पतली नज़र आ रही है जिसकी वजह से समाजवादी पार्टी के कई नेता ठाकुरद्वारा सीट से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, वहीं बताते चलें कि हाल ही मे आगामी ठाकुरद्वारा विधायक के तौर पर एक सर्वे के मुताबिक़ हाजी सलाउद्दीन मंसूरी को 83% प्रतिशत जनता का समर्थन प्राप्त हुआ था, हाजी सलाउद्दीन मंसूरी का दावा है कि उन्हें ठाकुरद्वारा विधानसभा के सभी वर्ग के लोगों का समर्थन प्राप्त हो रहा है क्योंकि क्षेत्र के लोग अब परिवर्तन चाहते हैं। पूर्व मे हुए चुनावों मे सपा को जीत दिलाने मे निभाई थी अहम भूमिका- प्रेस वार्ता के दौरान हाजी सलाउद्दीन मंसूरी ने कहा कि वह लगभग पिछले 15 वर्षों ने ठाकुरद्वारा सीट से टिकट की मांग कर रहे हैं और क्षेत्रीय जनता से सीधे तौर पर जुड़े रहे हैं,इतना ही नहीं उनका दावा है कि पूर्व मे हुए चुनावों मे भी उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पसमांदा समाज का बड़ा समर्थन दिलाया था जो जीत का बड़ा कारण रहा था,उनका दावा है कि क्षेत्र मे जनता से जुड़े ऐसे कई मुद्दे हैं जो क्षेत्रीय विकास के लिए बेहद जरूरी है उन्होंने कहा कि यदि पार्टी और विधानसभा क्षेत्र की जनता उनपर भरोसा जताती है तो वह क्षेत्र के विकास के लिए एक मिसाल कायम करेंगे।

### अपने वायदों को पूरा करती है समाजवादी पार्टी

हाजी सलाउद्दीन मंसूरी ने कहा कि 2027 मे उत्तर प्रदेश के अंदर अखिलेश यादव के नेतृत्व मे समाजवादी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव जी ने प्रदेश की जनता से जो वायदे किए हैं उन्हें पूरा करने का काम करेंगे,योजनाएं धरातल पर उतरेगी,उन्होंने कहा कि चाहें प्रदेश के लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ़्त देने का वायदा हो या फ़िर महिलाओं को 40 हज़ार रुपए प्रति वर्ष दिए जाने का वायदा हो या फ़िर समाजवादी पेंशन योजना हो या अन्य वायदे सबको पूरा करने का काम समाजवादी पार्टी की सरकार करेगी।



## जनगणना के लिए एसडीएम ने ली बैठक 'सेल्फ एन्यूमरेशन' का दिया प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील मुख्यालय पर ए सडीएम हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजस्व कर्मियों और को टेदारों को डिजिटल माध्यम से होने वाली गणना और 'सेल्फ ए न्यूमरेशन' (स्व-गणना) की प्रक्रिया का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। एसडीएम ने बताया कि डिजिटल इंडिया के तहत नागरिक अब स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। विशेष बात यह रही कि प्रशिक्षण के दौरान ही सभी लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों और कोटेदारों ने सफलतापूर्वक अपनी स्व-गणना पूरी की। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी कर्मी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को इस तकनीक के प्रति जागरूक करें।

# शर्मनाक: पीड़िता की माँ को ही जेल भेजने की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

> दरोगा पर अभद्रता का आरोप, कार्रवाई के बजाय महिला को दी जेल भेजने की धमकी

**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गई और न्याय माँगने गई उसकी माँ को पुलिस की बदसलूकी झेलनी पड़ी। घटना चार दिन पहले की है, जब मासूम गांव के समीप एक आम के बाग में गई थी।

आरोप है कि बाग की रखवाली कर रहे युवक ने बच्ची को गलत नीयत से दबोच लिया और अपनी झोपड़ी में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। आरोपी ने बच्ची को डराया और लालच देकर चुप रहने को कहा। डरी-सहमी बच्ची ने बाद में अपनी माँ को आपबीती सुनाई।पीड़िता की माँ का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर बाग मालिकों के पास पहुँची, तो उन्होंने उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हद तो तब हो गई जब पीड़िता की माँ कोतवाली पहुँची। आरोप है कि वहाँ तैनात एक दरोगा ने मामले में कार्रवाई करने के बजाय महिला के साथ अभद्रता की और उसे ही जेल भेजने की धमकी दे डाली। पुलिस का यह अमानवीय चेहरा चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़िता ने अब उच्चाधिकारियों से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# फीका नदी तट पर शुरू हुआ ऐतिहासिक मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र स्थित फीका नदी तट पर बने श्री श्री 108 नलो बाले बाबा मंदिर परिसर में पारंपरिक बैशाखी मेले का भव्य शुभारंभ किया गया।

मेले का उद्घाटन स्वर्गीय पूर्व सांसद सर्वेश कुमार की धर्मपत्नी साधना सिंह, सोनी शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रपाल सिंह एवं नवीन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शुभारंभ समारोह के बाद मेला कमेटी द्वारा स्वर्गीय सर्वेश कुमार की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मंचासीन अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बैशाखी मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है, जो समाज




बैसाखी मेले का शुभारंभ करती भाजपा की भाजपा के पूर्व सांसद स्वर्गीय कुमार सर्वेश सिंह की पत्नी साधना सिंह।

में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश देता है। मेला कमेटी अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है और हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं व्यापारी इसमें शामिल होते हैं। करीब 15 दिनों तक चलने वाले इस मेले में लगभग 5 किलोमीटर क्षेत्र में दूर-दराज से आए व्यापारियों की दुकानें, खेल-तमाशे, सर्कस, झूले और ब्रेक डांस लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले के पहले ही दिन दुकानों पर भारी भीड़ और खरीदारी देखने को मिली। मेले की व्यवस्था और सुरक्षा का जायजा लेने के लिए चौकी प्रभारी ओमकार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर संजय गांधी, गणेश सिंह, मिंटू कुमार, पंकज कुमार, विमल बिश्नोई, भूपेंद्र चौहान, सुबोध बिश्नोई, बृजेश कुमार, अंकित मित्तल, विपिन कुमार और सत्येंद्र बालियान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**भक्ति** शनिवार को भंडारे के साथ होगा समापन

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया सुदामा चरित्र का प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचिका पूनम के द्वारा कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।



सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है।तब कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी दासियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। कथा के दौरान कथा वाचिका पूनम के द्वारा श्री कृष्ण के 16108 विवाहो की कथा को भी सुनाया गया, वह भगवान श्री कृष्ण का स्वधाम गमन, परीक्षित जी महाराज की मुक्त होकर भगवान के परम धाम को गमन आदि कथा सुनाई गई। शनिवार को हवन,कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगी। इस मौके पर संदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, अंचल अग्रवाल ,बबीता अग्रवाल, उमा अग्रवाल, बीना गुप्ता, गिरजा शंकर आदि रहे।

# गुरुओं का लक्ष्य: छात्रों का आदर्श नागरिक निर्माण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद संभल में चल रहे क ख ग घ मिशन के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग सम्भल तथा भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम जनपद सम्भल के 1289 विद्यालयों में आयोजित किया गया।

जिसमें 2578 शिक्षकों एवं 6445 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और गुरुओं के बीच आजीवन के लिए गुरु शिष्य सम्बन्ध की स्थापना करना तथा संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए गुरुओं को प्रेरित करना है । भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक डा. एस एन शर्मा ने कहा कि गुरुओं को छात्रों का सम्मान एवं छात्रों को गुरुओं का सम्मान करना चाहिए । गुरुओं को छात्रों के लिए आदर्श नागरिक निर्माण करने के लिए शिक्षा प्रदान करनी चाहिए तथा छात्रों को अपना स्वयं का बालक समझ कर भावनात्मक रूप से शिक्षण कार्य करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन से ही आदर्श नागरिक तथा भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करना चाहिए, शिक्षकों को चाहिए कि वह अपने विद्यार्थियों को आजीवन के लिए शिष्य माने तथा उन्हें इस प्रकार की शिक्षा प्रदान करें कि वह जीवन पर्यंत सफल जीवन यापन कर सकें।

### दुकानदार पर मारपीट, बाइक छीनने का आरोप

**हसनपुर।** गंगाचोली निवासी मनवीर ने खाद विक्रेता रवि कुमार पर मारपीट और बाइक छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, 3 साल पुराने खाद के भुगतान के बावजूद आरोपी ने 3 मई को उसे रास्ते में रोककर पीटा और 2,000 सहित बाइक छीन ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्लासिफाइड

सूचना

मेरा नाम अभिषेक पुत्र श्री लालता प्रसाद निवासी ग्राम हरदासपुर, पोस्ट आसफपुर, तहसील बिसौली, जिला बदायूँ का निवासी हूँ। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका/मार्कशीट कहीं गिर गई अथवा गुम हो गई है, जो काफी तलाश करने के बाद भी प्राप्त नहीं हो सकी है।

मेरी हाईस्कूल परीक्षा का विवरण निम्न प्रकार है—

रोल नंबर : 1240825050

जन्मतिथि : 15/03/2008

यदि किसी सज्जन व्यक्ति को उक्त मार्कशीट मिले तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का कष्ट करें।

मोबाइल नंबर : 9389753884

सूचनाकर्ता

अभिषेक पुत्र लालता प्रसाद, निवासी ग्राम हरदासपुर, पोस्ट आसफपुर,तहसील बिसौली, जिला बदायूँ।

# संपादकीय

## क्रिकेट का जलवा

क्रिकेट का यह सीजन हिमाचल को नया नाम और शोहरत का पैगाम दे रहा है, तो इससे संपूर्ण खेलों का माहौल और खेल पर्यटन का अंदाज बदलना चाहिए। आईपीएल की श्रृंखला में पहले ही तीन मैच यहां होने तय हैं, तो अब एक क्वालिफायर जुड़ने से धर्मशाला में क्रिकेट स्टेडियम की चर्चा पूरे सीजन की करामात में दर्ज होगी। इसके बाद जून में अफगानिस्तान टीम का एक मैच भी यहां के अंतरराष्ट्रीय महत्त्व को दर्शकों की पलकों पर बैठाएगा। हैरानी यह कि क्रिकेट से काफी पहले धर्मशाला में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं खास तौर दुर्गामल-दलबहादुर फुटबाल ट्रॉफी होती आई है, लेकिन खेल अधोसंरचना मुकम्मल नहीं हुई। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बन रहे फुटबाल स्टेडियम भी अगर क्रिकेट अधोसंरचना का अनुसरण करता तो अब तक फुटबाल के कई महाकुंभ लग चुके होते। प्रदेश की कृत्रिम झीलों में साहसिक व जल क्रीड़ाओं के लिए आवश्यक ढांचा बने, तो राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय तालिकाओं के दावे हिमाचल से बढ़ सकते हैं। काफी वर्षों से भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में धर्मशाला की पहाडि़यों पर हाई अल्टीट्यूट खेल प्रशिक्षण केंद्र की रूपरेखा बनाई और मिटाई जा रही है, तो हम मान सकते हैं कि राजनीति का खेल हर संभावना पर भारी है। दूसरी ओर क्रिकेट की नब्ज पर हाथ रखते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने अगर एक स्टेडियम का संकल्प लिया, तो नतीजे सामने हैं। यह सिर्फ आईपीएल या दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच ही नहीं, बल्कि आम दिनों में भी क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों के मेले लगते हैं। हिमाचल में ऐसे कई दर्शनीय मैदान हैं और अगर वहां विभिन्न खेलों की अधोसंरचना विकसित करने के अलावा अकादमियां विकसित की जाएं, तो सारे राष्ट्र के तमगे यहां तैयार होंगे। विडंबना यह है कि विकास के नाम पर ऐतिहासिक मैदानों पर कंक्रीट उगाया जाने लगा है। सुजानपुर मैदान की आधी विरासत कई विभागों के नाम हो गई है, तो धर्मशाला के मैदान के एक बड़े भाग पर पुलिस ने इमारतों की जुंबिश लगा दी है। कुल्लू, चंबा, मंडी, नाहन, धर्मशाला और सोलन के प्रमुख मैदान खेल विभाग के नाम होने चाहिएं। इसी तर्ज पर हर शहर में कम से कम चार और हर गांव में अनिवार्य रूप से एक मैदान विकसित करना होगा। धर्मशाला में आईपीएल के चार मैचों का नूर पर्यटन व होटल इंडस्ट्री पर चढ़ेगा। हिमाचल के प्रवेश द्वारों से धर्मशाला तक का खेल सफर निपुण होकर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे सकता है। होना तो यह चाहिए कि हम क्रिकेट प्रेमियों की तरह फुटबाल, वालीबाल, एथलेटिक्स, पैराग्लाइडिंग, वाटर स्पोर्ट्स, हॉकी व अन्य खेलों के प्रेमियों को अलग-अलग स्थानों पर आकर्षित करें। क्रिकेट एसोसिएशन ने अल्पकाल में अपने कार्य के दायित्व में दक्षता, गुणवत्ता, संभावना तथा क्षमता को निरंतर सशक्त किया है, तो इसी तराजू में बाकी खेल भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं। हिमाचल एक बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मंजूर करके, पूरे राज्य के खेल ढांचे को मजबूत कर सकता है। राष्ट्रीय खेल आयोजन का मुख्य केंद्र धर्मशाला को बनाते हुए ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, पालमपुर, मंडी, चंबा, सोलन व शिमला जैसे स्थलों पर अलग-अलग खेलों के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विभिन्न इनडोर व आउटडोर स्टेडियम निर्मित किए जा सकते हैं। बहरहाल क्रिकेट के मजबूत आधार पर एक बार फिर अरुण धूमल ने अपना करिश्मा दिखाते हुए आईपीएल के चार मैचों का आयोजन अगर सुनिश्चित किया है, तो पूरी होटल इंडस्ट्री को भी सहयोग करते हुए खेल प्रेमियों को तरह-तरह के ऑफर तथा मनोरंजन के अवसर प्रदान करने होंगे। भले ही मैचों के बीच धर्मशाला नगर निगम चुनाव शिरकत कर रहा होगा, लेकिन मुद्दों की बिसात में यह समझना होगा कि इस अवसर के माध्यम से शहर को किस तरह सशक्त करने की जरूरत है।

# चुनाव परिणाम और भावी राजनीति के संकेत

असम, पश्चिमी बंगाल, केरल, पुडुच्चेरी और तमिलनाडु की विधानसभाओं के लिए हुए चुनाव के नतीजे भारत की राजनीति को भीतर तक और दूर तक प्रभावित करने वाले हैं। सबसे पहले तमिलनाडु। तमिलनाडु में 1969 से लेकर 2026 तक द्रविड़ राजनीति का कब्जा रहा। उससे पहले 1947 से 1969 तक कांग्रेस का वर्चस्व था। द्रविड़ राजनीति की शुरुआत जस्टिस पार्टी के रामास्वामी पेरियार ने ब्रिटिश काल में की थी। इस राजनीति का आधार आर्य बनाम द्रविड़, जिसे उत्तर बनाम दक्षिणी कहा जाता है, था। इस सिद्धान्त के अनुसार आर्य यूरोप के थे जिन्होंने मध्य एशिया के रास्ते भारत पर सप्त सिन्धु क्षेत्र से हमला किया था और यहां के स्थानीय निवासियों को पराजित कर दक्षिण में धकेल दिया था। इस आधार पर पेरियार ने मद्रास प्रेसिडेंसी में आर्य बनाम द्रविड़ राजनीति का ताना-बाना बुना था। इस सिद्धान्त का प्रचार अंग्रेजों ने किया था, जिसे कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया था। डा. भीमराव रामजी अंबेडकर ने ब्रिटिश काल में ही इस सिद्धान्त का खंडन किया था और बाकायदा इसके लिए एक किताब लिखी थी। लेकिन तब कांग्रेस ने अंबेडकर को अंग्रेजों का पि कहा था। पेरियार से अंबेडकर का इसी विषय को लेकर गहरा मतभेद था। लेकिन पेरियार ने अपनी इस भेदकारी राजनीति को आधार देने के लिए द्रविड़ कड़गम पार्टी का गठन किया। उसके आन्दोलन का मुख्य आधार था कि हिन्दी आर्यों की भाषा है, इसलिए तमिलनाडु में उसे नहीं घुसने दिया जा सकता। लेकिन जब उसने 1949 में 70 साल की आयु में 32 साल की अपनी ही सचिव से शादी कर ली तो जन सामान्य ने इसे उसके नैतिक पतन के तौर पर देखा।

इसके कारण उसके शिष्यों ने उससे अलग होकर पार्टी का नाम द्रविड़ मुनेत्र कड़गम यानी डीएमके कर दिया। 1967 में पार्टी ने हिन्दी के विरोध में आन्दोलन चलाया और 1969 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की सरकार बनी। बाद में डीएमके के एक हिस्से ने अलग होकर अपना नाम अन्ना डीएमके यानी एडीएमके रख लिया। लेकिन दोनों की राजनीति का आधार आर्य/द्रविड़, हिन्दी विरोध, मंदिर विरोध ही रहा। इस प्रकार 1969 से लेकर 2026 तक डीएमके/एडीएमके का शासन ही रहा। अब पहली बार लगभग 57 साल के बाद तमिलनाडु द्रविड़ राजनीति के इस विभाजनकारी चक्रव्यूह से मुक्त हुआ है। यहां तक कि वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन भी हार गए हैं। विजय की नई पार्टी टीवीके जीत गई है। यकीनन इसे तमिलनाडु के एक काले अध्याय का अन्त मानना चाहिए। पुडुच्चेरी 1947 से पहले फ्रांस के अधीन था। लेकिन मूलतः यह क्षेत्र तमिलनाडु का ही हिस्सा है और यहां की भाषा भी तमिल ही है। इसलिए यहां भी द्रविड़ राजनीति का प्रभाव है। यहां भी लम्बे अरसे तक डीएमके/अन्ना डीएमके का शासन रहा। लेकिन पिछले दशक से एन रंगास्वामी ने अपने ही नाम से एन रंगास्वामी कांग्रेस पार्टी का गठन




कर भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से राजनीति का संचालन किया। इन चुनावों में भी पुडुच्चेरी की तीस सदस्यीय विधानसभा में इन दोनों दलों के गठबंधन ने बहुमत हासिल किया। भारतीय जनता पार्टी के चार विधायक जीते। केरलम में लंबे अरसे से एलडीएफ और यूडीएफ गठबन्धनों का कब्जा है। यूडीएफ का नेतृत्व सोनिया कांग्रेस व मुस्लिम लीग करती हैं और एलडीएफ का नेतृत्व सीपीएम और सीपीआई करती हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के कुछ छोटे दलों को साथ लेकर प्रदेश की राजनीति में तीसरा स्तम्भ स्थापित करने का प्रयास करती रही है। केरलम में पिछले दस साल से एलडीएफ की सरकार है। लेकिन इन चुनावों में सोनिया कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने 140 सदस्यीय विधानसभा में 85 सीटें जीत कर अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया। एलडीएफ में सीपीएम और सीपीआई केवल 34 सीटें जीत सके। भारत में कम्युनिस्टों का यह अंतिम गढ़ भी धराशायी हो गया। जहां तक भारतीय जनता पार्टी का सवाल है, उसे तीन सीटों पर विजय मिली। कुछ स्थानों पर उसके प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन लगभग 90 स्थानों पर उसके प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। लेकिन भाजपा ने केरलम में 11.42 फीसदी मत हासिल कर राज्य में तीसरे मोर्चा का आगाज कर दिया है। अब अन्त में पश्चिमी बंगाल की चर्चा।

बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने 207 और ममता बनर्जी की टीएमसी ने 80 सीटें जीतीं। लेकिन ममता बनर्जी खुद भाजपा प्रत्याशी सुवेन्दु अधिकारी से भवानीपुर में पराजित हो गईं। सीपीएम एक, सोनिया कांग्रेस दो सीटें जीत सकीं। ममता बनर्जी पिछले पन्द्रह साल से बंगाल में राज कर रही थीं। उससे पहले 34 साल बंगाल में कम्युनिस्टों का राज रहा था। इस प्रकार पिछले चालीस साल से बंगाल पर जिन दलों का राज रहा, उन्होंने पड़ोसी बंगलादेश से मुसलमानों को पश्चिमी बंगाल में घुसने को प्रोत्साहित ही नहीं किया, बल्कि उन्हें कानूनी दस्तावेज मुहैया करवाने में सहायता भी की। इसके चलते बंगाल में मुसलमानों की संख्या लगभग 33 फीसदी को भी पार कर गई थी। ममता बनर्जी का तो चुनावी मुद्दा ही यही था कि बंगलादेशी मुसलमानों को बंगाल से निकालने नहीं देंगे। चालीस साल बाद इस दुर्नीति का अंत हुआ। इतिहास में बिहार, बंगाल और ओडिशा को अंग, बंग और कलिंग कहा जाता है। सम्राट अशोक का साम्राज्य इस सम्पूर्ण क्षेत्र में था। पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने अंग, बंग और कलिंग पर सरकार बना कर इतिहास रच दिया है। भाजपा को बंगाल में लगभग 46 फीसदी मत मिले। एक दूसरा चौंकाने वाला तथ्य भी। पश्चिमी बंगाल विधानसभा में इस बार 38 मुस्लिम विधायक चुनाव जीते हैं। इनमें से दो सोनिया कांग्रेस के, एक सीपीएम का, दो हुमांयू कबीर की पार्टी के, एक एआईएसएफ का (ये चारों पार्टियां केवल 6 सीटें जीतीं और सभी मुसलमान प्रत्याशी हैं) और शेष 32 ममता बनर्जी की टीएमसी के हैं। टीएमसी कुल 80 सीटें जीत सकी और उनमें से 32 विधायक मुसलमान हैं। इसका स्पष्ट अभिप्राय यही है कि प्रदेश के मुसलमानों ने टीएमसी को अपनी पार्टी माना है। अन्त में असम। असम में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार जीती। 126 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के अपने प्रत्याशी 90 थे। उनमें से 82 प्रत्याशी विजयी रहे। पार्टी ने लगभग 38 फीसदी वोट हासिल किए। उसके दो सहयोगी दलों असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने दस-दस सीटें जीतीं। कांग्रेस ने केवल 19 सीटें जीतीं। असम में बदरूद्दीन अजमल की पार्टी आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को दो सीटें मिलीं। उसने 27 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। असम में यह माना जाता है कि यह बंगलादेश से आए अवैध घुसपैठियों की पार्टी है। एक बार असम विधानसभा में इस पार्टी के 18 प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे।

तब यह चर्चा होने लगी थी कि यदि यदि त्रिशंकु विधानसभा आ जाती है तो असम में मुख्यमंत्री बनाने की कुंजी बांग्लादेशियों के पास आएगी। एआईयूडीएफ के मैदान में आ जाने के बाद असम में मुस्लिम लीग ने चुनाव में भाग लेना बंद कर दिया है ताकि मुसलमानों के वोट विभाजित न हो जाएं।

हैदराबाद के ओवैसी देश भर में मुसलमानों को संगठित करने के लिए अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते हैं, लेकिन उन्होंने असम विधानसभा के लिए अपने प्रत्याशी इसलिए नहीं उतारे क्योंकि इससे मुस्लिम वोटों के विभाजित होने का खतरा था। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि 2026 के विधानसभा चुनावों में बांग्लादेशी मुसलमानों की मुख्य पार्टी बदरूद्दीन की यही एआईयूडीएफ पार्टी थी। लेकिन इसके बावजूद इस पार्टी के केवल दो प्रत्याशी ही विधायक बन सके। इसका क्या कारण हो सकता है? क्या मुसलमानों ने एआईयूडीएफ को नकार दिया? ऐसा नहीं है। असम में सोनिया कांग्रेस भी मुसलमानों की पक्षधर होने का दावा कर रही है। इस बार वहां मुसलमानों ने सोनिया कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। वह मुस्लिम लीग की पर्याय बन गई है।

# बंगाल का जनादेश : राज्य और राष्ट्र के लिए नई दिशा

हाल ही में देश के पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए और इनके परिणामों ने पूरे देश के राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया। तमिलनाडु में अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्तरी कज़ागम (TVK) के उदय ने द्रविड़ मुनेत्र कज़ागम (DMK) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कज़ागम (AIADMK) के दशकों पुराने राजनीतिक एकाधिकार को काफी हद तक बाधित कर दिया। हालाँकि सबसे महत्वपूर्ण परिणाम पश्चिम बंगाल से सामने आया, जहाँ भाजपा ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की 15 वर्ष पुरानी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया, जिसका नेतृत्व ममता बनर्जी कर रही थीं। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत ने केवल राज्य की राजनीतिक तस्वीर को नहीं बदला, बल्कि शासन व्यवस्था, भ्रष्टाचार, सीमा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा भी प्रारम्भ कर दी। यह चुनाव सरकार बदलने के बारे में नहीं था; बल्कि राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध, अवैध घुसपैठ और पक्षपातपूर्ण व्यवस्था के विरुद्ध जनता का स्पष्ट संदेश था, जिसके बारे में लोगों का मानना था कि पिछले 15 वर्षों में बंगाल में उसकी जड़ें बहुत गहरी हो गई थीं। बंगाल के लाखों लोगों के लिए यह जनादेश भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए जवाबदेह शासन, विकास, और कानून के राज के वादे के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है, जो राजनीतिक संरक्षण और तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर है। बंगाल में आम नागरिकों, व्यापारियों, ठेकेदारों और व्यवसायियों के बीच इस बदलाव का एक प्रमुख कारण तथाकथित "कट-मनी" संस्कृति रही, जो एक प्रकार के अनौपचारिक टैक्स के रूप में देखी जाती थी। निजी मकान बनाने तक के लिए अनौपचारिक भुगतान और राजनीतिक कमीशन देना लगभग अनिवार्य माना जाता था तथा लोगों को निर्माण सामग्री केवल उन्हीं सप्लायर्स से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था, जिनका संबंध राजनीतिक रूप से प्रभावशाली समूहों से बताया जाता था।



यह अनौपचारिक भुगतान और राजनीतिक संरक्षण व्यवस्था प्रशासनिक तंत्र में गहराई तक समाहित हो चुकी थी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक गंभीर मानी जाती थी। कई बार ऐसे आरोप सामने आए कि जिन परिवारों का कोई सदस्य गाँव या राज्य से बाहर नौकरी करता था, उनसे भी स्थानीय राजनीतिक रसूख से जुड़े के लोग पैसे की वसूली करते थे। महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा भी चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक बनकर उभरा। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई बलात्कार और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया और बंगाल भर में भारी जनआक्रोश पैदा किया। इसके अतिरिक्त, चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक की कार के भीतर बाइक सवार हमलावरों द्वारा हत्या कर दी गई, जिसने राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा और राजनीतिक हिंसा को लेकर एक बार फिर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं ने इस चुनाव के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को न तो सहन किया जाएगा और न ही राजनीतिक संरक्षण दिया जाएगा। भाजपा ने अपने चुनाव अभियान में कानून-व्यवस्था के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और चुनाव परिणामों ने सुरक्षा, न्याय और जवाबदेही को लेकर जनता की बढ़ती चिंता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। पश्चिम बंगाल की सीमा बांग्लादेश के साथ लंबी और संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करती है। वर्षों से अवैध घुसपैठ और सीमा पार तस्करी देश के लिए राजनीतिक तथा राष्ट्रीय सुरक्षा की बड़ी चिंताएँ बनी हुई हैं। अब यह मानने से इनकार नहीं किया जा सकता कि सीमा सुरक्षा केवल बंगाल का क्षेत्रीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। अवैध घुसपैठिए केवल बंगाल ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में फैल चुके हैं और कई बार स्थानीय नागरिकों के लिए कानून-व्यवस्था की समस्याएँ भी उत्पन्न करते हैं। भारतीय जनता पार्टी लगातार यह कहती रही है कि अनियंत्रित घुसपैठ जनसांख्यिकीय संतुलन, आर्थिक संसाधनों, राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता को प्रभावित करती है। यह मुद्दा इन चुनावों में एक महत्वपूर्ण कारण बनकर उभरा और भाजपा को सत्ता तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध हुआ। एक समय था जब पश्चिम बंगाल देश के प्रमुख औद्योगिक और व्यावसायिक केंद्रों में गिना जाता था। किन्तु दशकों की राजनीतिक अस्थिरता, श्रमिक असंतोष और नीतिगत अनिश्चितताओं ने धीरे-धीरे राज्य के औद्योगिक विकास को कमजोर कर दिया। आज बंगाल के शिक्षित युवा बेहतर रोजगार की तलाश में देश के अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने विकास, आधारभूत संरचना, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और निवेश-आधारित शासन व्यवस्था को अपने चुनाव अभियान का प्रमुख आधार बनाया। यदि इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो बंगाल की भौगोलिक स्थिति, बंदरगाह, कुशल कार्यबल और बेहतर संपर्क व्यवस्था उसे एक बार फिर भारत का प्रमुख आर्थिक केंद्र बना सकते हैं। पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐसा जनादेश दिया है, जो आकांक्षा, आक्रोश, आशा और परिवर्तन की प्रबल मांग को दर्शाता है। अब वास्तविक परीक्षा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की शुरू होती है। बंगाल की जनता नई सरकार का मूल्यांकन शासन व्यवस्था, रोजगार, सार्वजनिक सुरक्षा, औद्योगिक विकास और कानून के राज में दिखाई देने वाले वास्तविक सुधारों के आधार पर करेगी।

**-लेखक: गोपाल सिंह, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड, सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया**

# 'दृष्टि' के जरिये भारत के नये अंतरिक्ष युग की शुरुआत

भारतीय स्टार्टअप अब तेजी से उन्नत अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं. कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स रॉकेट में भारतीय स्टार्टअप, गैलेक्सआइ द्वारा एक खास उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजा जाना इस नवपरिवर्तन को दिखाता है. इसका नाम है 'दृष्टि'. यह सिर्फ एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि दिखाती है कि अब अंतरिक्ष क्षेत्र सिर्फ सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं द्वारा शुरू किये गये स्टार्टअप इसमें बड़ी भूमिका निभा रहे हैं. इसरो और डीआरडीओ जैसे संस्थानों ने जो मजबूत नींव तैयार की, उस पर निजी कंपनियां नयी ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं.

इसकी महत्ता को समझने के लिए पहले यह जानना जरूरी है कि पारंपरिक उपग्रह संवेदक कैसे काम करते हैं. आमतौर पर उपग्रह संवेदक दो प्रकार की तकनीक पर आधारित होते हैं- ऑप्टिकल (प्रकाशीय संवेदक) और सिंथेटिक (कृत्रिम) अपर्चर रडार (एसएआर). ऑप्टिकल संवेदक बिल्कुल सामान्य कैमरे की तरह काम करते हैं. ये सूर्य के प्रकाश के परावर्तन के आधार पर तस्वीरें लेते हैं, जिससे स्पष्ट और समझने में आसान चित्र प्राप्त होते हैं. पर इनकी एक सीमा है- ये बादल, धुएं या सूर्य के प्रकाश के अभाव में काम नहीं कर पाते. दूसरी ओर एसएआर तकनीक, माइक्रोवेव सिग्नल का उपयोग करती है, जो बादलों और धुएं को आसानी से पार कर सकते हैं, और अंधेरे में भी काम करते हैं. इससे हर समय, हर मौसम में निगरानी करना संभव हो जाता है. हालांकि, एसएआर से मिलने वाली तस्वीरें सामान्य चित्र जैसी नहीं होतीं, बल्कि एक्स-रे जैसी जटिल होती हैं, जिन्हें समझने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है.

'दृष्टि' को खास बनाने वाली बात यह है कि इसमें इन दोनों तकनीकों को एक ही उपग्रह में जोड़ा गया है. इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि दोनों संवेदक एक ही समय पर एक ही स्थान की तस्वीर लेने के लिए पूरी तरह समन्वित हैं. इस तकनीक को गैलेक्सआइ ने 'ऑप्टोएसएआर' नाम दिया है. पहले ऑप्टिकल और एसएआर के संलयन के लिए विभिन्न उपग्रहों और विभिन्न समयों से प्राप्त चित्र लेने पड़ते थे, जिससे अक्सर अध्ययन में असंगति आ जाती थी. 'दृष्टि' इस समस्या को पूरी तरह खत्म करने में सक्षम है. अब यदि बादलों या अंधेरे के कारण ऑप्टिकल संवेदक काम नहीं कर पाता, तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एसएआर डाटा से ऑप्टिकल जैसे चित्र तैयार किये जा सकते हैं.

# उबलता हुआ हिंदी विरोध




महाराष्ट्र में हिंदी विरोधी सियासत बेलगाम हो गई है। इस महीने से मराठी ना लिख-बोल सकने वाले टैक्सी/ ऑटो ड्राइवरों पर रोक लगाने के बाद अब वहां सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी की विभागीय परीक्षा को स्थगित करना पड़ा है। इसके पहले त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत हिंदी पढ़ाने की योजना दफ़न कर दी गई थी। सार्वजनिक जगहों पर मराठी ना बोलने वाले लोगों के साथ झड़प और हिंसा की घटनाएं भी हाल में हुई हैं। राज्य के गजटेड और नॉन-गजटेड कर्मचारियों के लिए हिंदी ज्ञान की विभागीय परीक्षा 28 जून को तय थी। इस तारीख का एलान होते ही महाराष्ट्र नव- निर्माण सेना और कई अन्य मराठी भाषी समूहों ने इसके खिलाफ मुहिम छेड़ दी। कहा कि जब मराठी सरकारी कामकाज की भाषा है, तो कर्मचारियों का हिंदी ज्ञान जांचने की क्या जरूरत है? माहौल को गरमाता देख देवेंद्र फड़णवीस सरकार ने इम्तहान स्थगित करने और इस परीक्षा की जरूरत की समीक्षा करने की घोषणा की। कहा- 'अगर पाया गया कि ऐसे इत्महान की जरूरत नहीं है, तो आगे इसका आयोजन नहीं किया जाएगा।' गौरतलब है कि विभागीय हिंदी परीक्षा कोई नई योजना नहीं है।

इसकी शुरुआत महाराष्ट्र के गठन से पहले हुई थी। 1960 में महाराष्ट्र बनने के बाद भी इसे जारी रखा गया। लेकिन अब आकर यह विवाद का मुद्दा बना है। यह राज्य में तेजी से बदले माहौल की मिसाल है। उस राज्य में हिंदी विरोध का ऐसा माहौल बनना हैरतअंगेज है, जहां की मातृभाषा मराठी की लिपि वही देवनागरी है, जिसमें हिंदी लिखी जाती है और जिस राज्य की राजधानी बॉलीवुड का गढ़ है, जहां बनने वाली फिल्मों का हिंदी के प्रसार में संभवतः महत्त्वपूर्ण योगदान है। यह भी कम अचरज की बात नहीं कि ऐसा उस भाजपा के शासनकाल में हुआ है, जिसकी केंद्र सरकार के हिंदी के प्रति (अति) उत्साह के कारण कुछ राज्यों में भाषाई विवाद खड़े हुए हैं। मगर महाराष्ट्र में भाजपा ने हिंदी विरोधियों के आगे घुटने टेक रखे हैं। तो सवाल उठता है कि क्या हिंदी को लेकर पार्टी की कोई सोच है, या यह उसके लिए महज एक भावनात्मक राजनीतिक मुद्दा है?

# विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय



भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी अनिवार्य भूमिकाएं हैं। जहां सत्ता नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, वहीं विपक्ष उन नीतियों की समीक्षा, संतुलन और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं ही असंगठित, दिशाहीन और अंतर्विरोधों से ग्रस्त हो जाए, तब लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। हाल के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि विपक्षी एकता का दावा करने वाला गठबंधन अपने भीतर ही गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय और तमिलनाडु में द्रमुक की स्थिति ने विपक्षी खेमे को झकझोरने का काम किया है। यह केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि रणनीतिक विफलता का भी संकेत है और यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि क्या विपक्ष केवल भाजपा-विरोध के आधार पर टिक सकता है या उसे एक ठोस वैचारिक और नीतिगत आधार की भी आवश्यकता है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सत्तापक्ष की नीतियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि एक सजग, विवेकशील और रचनात्मक विपक्ष पर भी उतनी ही आधारित होती है। विपक्ष का मूल दायित्व केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना, नीतियों की खामियों को तथ्यों के आधार पर उजागर करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद एवं समाज के समक्ष रखना है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का संरक्षक होता है। उसे विकास कार्यों में सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना रहे। दुर्भाग्यवश, पिछले दो दशकों में विपक्ष का एक बड़ा वर्ग इस रचनात्मक भूमिका से भटकता दिखाई दिया है, जहां नीतिगत बहसों की जगह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक शोर-शराबा अधिक प्रमुख हो गया है। इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं।

## एक नजर



### राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर 27 मई को हो सकता है फैसला

**लखनऊ।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई टल गई। याचिकाकर्ता कर्नाटक के भाजपा नेता एस. विग्नेश शिशिर सुरक्षा कारणों के चलते कोर्ट नहीं पहुंच सके। अब मामले की सुनवाई 27 मई को होने की संभावना है। याचिका में राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाते हुए भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत जांच की मांग की गई है। पहले एमपी-एमएलए कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति मामले में दायर याचिका की फाइल को सील कर सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 मई को दोपहर 2:15 बजे चैंबर में तय की है।

### प्रदेश में कल से खत्म होगा विक्षोभ का असर

**लखनऊ।** पिछले कुछ दिनों से बारिश-आंधी के बीच तापमान में आई गिरावट से सुहावने मौसम का दौर अब खत्म होगा। धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होगी और एक सप्ताह में 6-8 डिग्री तक तापमान बढ़ सकता है जिससे गर्मी अपना असर दिखाएगी। शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई के कुछ इलाकों को छोड़कर बाकी प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर पड़ते ही गर्म हवाएं फिर से सक्रिय हो जाएंगी। इसके चलते दिन के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी और गर्मी का असर दोबारा से तेज महसूस किया जाएगा। अनुमान है कि 4-5 दिनों में ही तापमान 40 डिग्री के आसपास या इसके पार पहुंच सकता है।

# स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने के आदेश जारी, प्री-पेड मीटर व्यवस्था समाप्त

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश में सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड प्रणाली में बदले जा रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार उपभोक्ता हित में लगातार फैसले ले रही है। सभी स्मार्ट मीटर तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड प्रणाली में बदले जाने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली इस्तेमाल करने के बाद बिल मिलेगा। मई 2026 की खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड प्रणाली के तहत जारी किया जाएगा।



ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने आम विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में संचालित स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था को समाप्त कर सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगमों और केस्को कानपुर में लागू यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगी।

मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर सिस्टम में पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, उनके लिए डिस्कॉम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही उपभोक्ता संबंधित विद्युत वितरण निगम के व्हाट्सएप चैटबॉट एवं 1912 हेल्पलाइन के माध्यम से भी अपना बिल प्राप्त कर सकेंगे।

### एसएमएस और व्हाट्सएप से उपलब्ध कराया जाएगा बिल

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिये उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्ट पोस्टपेड बिल प्रत्येक माह की दस तारीख तक जारी किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क अथवा संचार संबंधी समस्या के कारण स्मार्ट मीटर की ऑटोमैटिक रीडिंग प्राप्त नहीं होगी, वहां एएमआईएसपी एजेंसियों के माध्यम से मैनुअल रीडिंग लेकर समय से बिल उपलब्ध कराया जाएगा।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का सख्त एक्शन, पांच डॉक्टर किए बर्खास्त, 17 के खिलाफ विभागीय कार्रवाई

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई हुई है। लगातार अनुपस्थित रहने और अनियमितताओं के आरोप में पांच डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया, जबकि एक मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत 16 अधिकारियों पर विभागीय जांच शुरू हुई है। सरकार ने साफ कहा है कि मरीजों के इलाज में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही और अनियमितताओं के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। चिकित्सकीय कार्यों से लगातार अनुपस्थित रहने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पांच चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें गोरखपुर की डॉ. अलकनन्दा, कुशीनगर के डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और औरैया की डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं।

इसके अलावा 1 सीएमओ समेत 16 चिकित्साधिकारियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। अम्बेडकर नगर के सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा पर निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण में अनियमितता और पद के दुरुपयोग के आरोप सिद्ध पाए गए हैं। शिकायतों की जांच एडीएम स्तर की समिति से कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए।

हरदोई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह पर अवैध निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने के आरोप में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं प्रयागराज के सीएचसी मेजा के अधीक्षक डॉ. शमीम अख्तर पर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप में कार्रवाई और तबादले के निर्देश जारी किए गए हैं। सुल्तानपुर के लम्भुआ सीएचसी में महिला मरीज के इलाज में लापरवाही के मामले में तत्कालीन अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. धर्मराज और फार्मासिस्ट अवधनारायण के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

# सरकारी नौकरियों में सीएम फेलो को मिलेगी उम्र में छूट, 100 अंकों की मेरिट से होगा चयन

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की नई सीएम फेलो योजना के तहत चयनित युवाओं को सरकारी नौकरियों में उम्र सीमा में छूट मिलेगी। चयन 100 अंकों की मेरिट प्रणाली से होगा, जिसमें लिखित परीक्षा, अनुभव और इंटरव्यू शामिल हैं। चयनित फेलो को तैनाती से पहले विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

प्रदेश के हर जिले में तैनात होने वाले सीएम फैलो को सरकारी नौकरियों में उम्र में छूट मिलेगी। इस पद के लिए योग्य युवाओं के चयन के लिए पूरी प्रक्रिया जारी की गई है। तैनाती से पहले दो हफ्ते का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रयोग सफल होने पर ये संख्या बढ़ाई जाने का भी प्रस्ताव है। प्रक्रिया के तहत प्रदेश के सभी जिलों में तैनात किए जाने वाले सीएम फेलो को सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में छूट देने का प्रावधान किया गया है। पिछले सप्ताह यूपी कैबिनेट से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब चयन प्रक्रिया और तैनाती व्यवस्था पर तेजी से काम शुरू हो गया है।




अपर मुख्य सचिव नियोजन आलोक कुमार के मुताबिक, इस पद के लिए चयन यूपी स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के तहत होगा जो मेरिट आधारित होगा। कुल 100 अंकों की चयन प्रणाली बनाई गई है, जिसमें 50 अंक लिखित परीक्षा, 30 अंक अधिमानी अर्हता और 20 अंक साक्षात्कार के निर्धारित किए गए हैं। इससे केवल अकादमिक योग्यता ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक समझ, नेतृत्व क्षमता और क्षेत्रीय कार्य अनुभव वाले युवाओं को भी मौका मिलेगा। लिखित परीक्षा में नीति निर्माण, प्रशासनिक समझ, समसामयिक घटनाक्रम, डेटा विश्लेषण, डिजिटल गवर्नेंस और समस्या समाधान से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। अधिमानी अर्हता के तहत नीति अनुसंधान, सामाजिक क्षेत्र में कार्य अनुभव, डिजिटल टेक्नोलॉजी, डाटा मैनेजमेंट, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग और प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त उम्मीदवारों को अतिरिक्त वेटेज दिया जाएगा।

# अब लखनऊ के 8 डाक घरों में रविवार को भी बनेंगे आधार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रधान डाक घर (जीपीओ) सहित राजधानी के आठ डाकघरों में अब रविवार को भी आधार पंजीयन, अपडेट और संशोधन करा सकेंगे। इन सभी डाक घरों में सुबह आठ से शाम चार बजे तक आधार काउंटर खुले रहेंगे। डाक विभाग ने सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों व विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।

पोस्ट मास्टर जनरल (पीएमजी) सुनील कुमार राय ने बताया कि जीपीओ में आठ काउंटर पर आधार पंजीयन किए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य डाक घरों में भी आधार पंजीयन, अपडेट और संशोधन की सुविधा दी जा रही है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग आधार पंजीयन या अपडेट इसलिए नहीं करा पा रहे हैं, क्योंकि वे कार्यदिवस में आफिस, विद्यालय या अन्य कार्यों को छोड़ कर कैसे आएं? इसको देखते विभाग ने रविवार को भी आधार काउंटर खोलने की तैयारी की गई है। 10 मई यानी इसी रविवार से ही यह व्यवस्था आठों डाक घरों में लागू कर दी जाएगी। जहां सुबह आठ से शाम चार बजे तक आधार पंजीयन, सशोधन एवं अपडेट करा सकेंगे।



मुख्यालय परिक्षेत्र के छह जिलों (लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर, सीतापुर, बाराबंकी व अयोध्या) के 156 डाक घरों में आधार सेवा केंद्र संचालित हैं। इनमें से 19 आधार सेवा केंद्रों में दो शिफ्टों (सुबह आठ से दो व दोपहर दो से रात आठ बजे तक) में आधार सेवाएं दी जा रही हैं। 886 मोबाइल डिवाइस के जरिए घर-घर आधार सेवाएं भी दी जा रही हैं।

### रविवार को आधार काउंटर का विवरण

| डाकघर | काउंटर की संख्या |
|---|---|
| जीपीओ (GPO) | 04 |
| राजेंद्र नगर | 01 |
| चौक | 01 |
| आवास विकास कालोनी | 01 |
| आलमबाग | 01 |
| अलीगंज | 01 |
| गोमतीनगर | 01 |
| इंदिरानगर | 01 |
| कुल काउंटर | 11 |

"सरकारी कर्मचारियों व विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। इसी रविवार से प्रत्येक सप्ताह आठ डाकघरों में आधार पंजीयन कराया जाएगा।"

-सुनील कुमार राय, पीएमजी, लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, कहा- वकीलों के कब्जे हटाने के लिए दें पर्याप्त पुलिस फोर्स

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कैसरबाग स्थित अदालत परिसर के आसपास वकीलों और दुकानों के अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। अदालत ने नगर निगम से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि अवैध कब्जों से आम जनता और यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कैसरबाग स्थित जनपद न्यायालय के आसपास वकीलों की ओर से किए गए कब्जों पर सख्त रुख जारी रखा है। कोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि इन कब्जों को हटाने के लिए नगर निगम को पर्याप्त पुलिस फोर्स उपलब्ध कराए। मामले में 25 मई को होने वाली अगली सुनवाई पर अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट भी पेश करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश अनुराधा सिंह और दो अन्य की याचिका पर दिया।



मामले में नगर निगम की ओर से दाखिल रिपोर्ट के अनुसार संबंधित क्षेत्र में 72 अतिक्रमण पाए गए हैं। इनमें ज्यादातर अधिवक्ताओं के चैंबर और अवैध दुकानें हैं। इससे पहले कोर्ट ने नगर निगम को आदेश दिया था कि इन कब्जों को हटाने के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाए गए हैं, उन्हें तार्किक अंत तक पहुंचाया जाए। यह भी कहा था कि इसके लिए पुलिस बल की जरूरत हो तो नगर निगम को तत्काल उपलब्ध कराया जाए। बुधवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार के मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने डीसीपी (मुख्यालय) और डीसीपी (पश्चिम) समेत लखनऊ के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिमी) के पत्र पेश किए। इनमें वे कारण बताए गए थे, जिनकी वजह से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम के अफसरों को पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया जा सका। नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए 12 मई की नई तारीख तय करने की जानकारी कोर्ट को दी गई। इस पर अदालत ने कहा कि इन पत्रों से स्पष्ट है कि कुछ अपरिहार्य वजहों से 25 अप्रैल को पुलिस बल मुहैया नहीं कराया जा सका, लेकिन अगली तय तिथि पर अवैध निर्माण, अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम को समुचित पुलिस बल मुहैया कराया जाएगा।

# यूपी में बनेगा खास शहद, ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजे जाएंगे किसान और अधिकारी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में गुणवत्तायुक्त शहद उत्पादन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए सरकार अब न्यूजीलैंड की आधुनिक तकनीक और अनुभव का भी सहारा लेगी। शुक्रवार को न्यूजीलैंड के शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसकी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विशेष प्रशिक्षण के लिए अधिकारियों और शहद उद्यमियों को न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

उपमुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उन्होंने रायबरेली एवं बाराबंकी के मधुमक्खी पालकों से संवाद किया है और प्रदेश में शहद उत्पादन की संभावनाओं का भी अध्ययन किया है। न्यूजीलैंड में विकसित की गई उच्च गुणवत्ता वाले शहद के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं रोग नियंत्रण की आधुनिक तकनीक को यहां के मधुमक्खी पालकों तक प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यूजीलैंड की तकनीक एवं अनुभव का लाभ लेकर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त एवं निर्यात योग्य शहद उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। शहद आधारित चाकलेट टाफी एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों तैयार करने की दिशा में काम होगा। इसके लिए किसानों और उद्यमियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# 1.42 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

## कई राज्यों में करता था सप्लाई, एक किलो का लेता था सात लाख

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ में एसटीएफ ने एक बड़े मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.42 किलो अफीम बरामद की। आरोपी कई राज्यों में अफीम की सप्लाई करता था और एक किलो के बदले लाखों रुपये वसूलता था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरोह के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

लखनऊ में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.426 किलोग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी को मोहनलालगंज क्षेत्र में राधा स्वामी सत्संग आश्रम से लखनऊ की ओर माधवखेड़ा हनुमान मंदिर के पास पकड़ा गया। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।



एसटीएफ लखनऊ के पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही के निर्देशन में टीम लगातार मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही थी। बुधवार को इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बिहार के बेतिया निवासी शाहीम आलम के रूप में हुई है। फिलहाल एसटीएफ ने आरोपी के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उसके नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

### आरोपी ने किए कई अहम खुलासे

पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं। उसने बताया कि उसका गिरोह लंबे समय से अफीम की खरीद-फरोख्त कर रहा था और उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब तथा हरियाणा समेत कई राज्यों में इसकी सप्लाई करता था। आरोपी के अनुसार, गिरोह एक किलो अफीम की सप्लाई के बदले करीब 6 से 7 लाख रुपये तक लेता था। तस्करी के दौरान खरीदारों की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाती थी। तय स्थान पर पहुंचने के बाद संबंधित व्यक्ति खुद संपर्क कर भुगतान करता और माल लेकर चला जाता था।

# लखनऊ से चलने वाली 175 ट्रेनों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ से दिल्ली, मुंबई और हावड़ा जैसे प्रमुख रूटों पर चलने वाली 175 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की बोगियों में अब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन के मैकेनिकल विभाग ने इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में चयनित ट्रेनों के प्रत्येक कोच में हाई डेफिनिशन (एचडी) कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों को सीधे रेलवे मंडल के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जिससे अधिकारी रियल टाइम में कोच के भीतर की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस व्यवस्था से सामान चोरी, यात्रियों के साथ बदसलूकी और रेलवे कर्मचारियों के साथ होने वाले विवाद जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करना आसान होगा।



यात्रियों की ओर से लंबे समय से पेंट्रीकार में गंदगी और खराब भोजन गुणवत्ता की शिकायतें मिलती रही हैं। अब पेंट्रीकार में भी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे भोजन तैयार करने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हो सकेगी। यदि गंदगी या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगाने के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे का मानना है कि सीसीटीवी निगरानी से खानपान व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार आएगा। वंदे भारत ट्रेनों में पहले से सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। रेलवे बोर्ड ने शताब्दी समेत अन्य ट्रेनों में भी कैमरे लगाने की योजना बनाई थी।

व्यवस्था | उत्तर प्रदेश में दूध के व्यापार को मिला हाई-टेक बूस्ट

# अवध की महिलाएं अब डेटा और तकनीक से बदल रही हैं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मिशन अब 'डिजिटल क्रांति' के अगले चरण में पहुंच गया है। अवध क्षेत्र और आसपास के 10 जिलों में सक्रिय 'सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी' के माध्यम से योगी सरकार ने एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था खड़ी की है, जहां ग्रामीण महिलाएं न केवल दुग्ध उत्पादन कर रही हैं, बल्कि हाई-टेक मोबाइल एप के जरिए पूरे व्यापार का प्रबंधन भी संभाल रही हैं। प्रतिदिन चार लाख लीटर से अधिक दूध के इस विशाल कारोबार को अब पूरी तरह डिजिटल तंत्र से जोड़ दिया गया है।

योगी सरकार के कार्यकाल में तैयार किया गया यह दुग्ध नेटवर्क अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई रीढ़ बन चुका है। अकेले अवध और उसके पड़ोसी जिलों की सवा लाख से अधिक महिलाएं इस मुहिम का हिस्सा बन चुकी हैं। खास बात यह है कि ये महिलाएं अब केवल पारंपरिक पशुपालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके हाथों में डेटा मैनेजमेंट, भुगतान की निगरानी और तकनीकी संचालन की बड़ी जिम्मेदारी है। यह बदलाव ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के प्रति सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण को बदल रहा है।



सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी ने गांव-गांव में संग्रह केंद्र स्थापित किए हैं, जिनका पूरा संचालन महिलाओं के हाथों में है। यहां पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध की खरीद की जाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसकी भुगतान प्रणाली है; महिला किसानों को हर महीने तीन बार (10-10 दिन के अंतराल पर) सीधे उनके बैंक खातों में पैसा भेजा जाता है। इस डीबीटी (DBT) व्यवस्था ने बिचौलियों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है, जिससे पशुपालकों का लाभ और भरोसा दोनों बढ़ा है।

दुग्ध कारोबार को हाई-टेक बनाने के लिए 'सामर्थ्य साथी' मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। इस एप के जरिए महिला उत्पादकों को दूध की बिक्री, गुणवत्ता (Fat/SNF) की जांच और भुगतान का रियल-टाइम डेटा उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए महिलाओं को डिजिटल प्रशिक्षण और तकनीकी जागरूकता भी प्रदान की जा रही है, ताकि वे अपने व्यापार की एक-एक बूंद का हिसाब अपनी मोबाइल स्क्रीन पर देख सकें।

### 10 जिलों में फैला महिलाओं का यह डिजिटल नेटवर्क

यह सशक्त नेटवर्क वर्तमान में लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रतापगढ़, कानपुर नगर और फतेहपुर जैसे जिलों में तेजी से विस्तार कर रहा है। योगी सरकार की यह पहल 'आत्मनिर्भर गांव' के मॉडल को चरितार्थ करती है, जहां गांव की महिलाएं अब केवल पशुपालन ही नहीं कर रहीं, बल्कि डेटा और डिजिटल रिकॉर्ड के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नेतृत्व कर रही हैं।

# यह जनादेश का अपमान : ममता-अखिलेश की मुलाकात पर योगी के मंत्री कपिल देव का तंज

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की मुलाकात पर तीखा तंज कसा है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अखिलेश यादव ममता बनर्जी से मिलकर उन्हें यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि "दीदी, आप बहुत अच्छी हैं, आप चुनाव नहीं हारी हैं।"

उन्होंने इसे जनादेश का अपमान और लोकतंत्र का मजाक बताते हुए निंदा की। मंत्री ने कहा, "पश्चिम बंगाल में राजनीतिक वातावरण पूरी तरह बदल चुका है। जनता का फैसला स्वीकार करना लोकतंत्र की मूल भावना है। जब ममता बनर्जी सत्ता में आई थीं, तब भी संवैधानिक प्रक्रिया का पालन हुआ था। अब भी विपक्ष को जनादेश मानकर विपक्षी भूमिका निभानी चाहिए।"



कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता पहुंच रहे हैं। वहां भाजपा विधायक दल की बैठक होगी और नई सरकार गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। नई सरकार बनने के बाद राज्य को मजबूत नेतृत्व मिलेगा। उन्होंने भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# भाजपा विधायक ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## ग्रामीणों को दी गईं सरकार की योजनाओं की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय


विकास कार्य का शुभारंभ करते विधायक वावूराम। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने तीन प्रमुख गांवों में पहुंच कर विकास कार्य को लेकर शुभारंभ किया।

शुक्रवार को भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने तीन प्रमुख स्थानों पर मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना एवं विभिन्न विकास योजनाओं के विकास कार्यों का मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक वावूराम पासबान सबसे पहले ग्राम पंचायत सुल्तानपुर पहुंचे,यंहा उन्होंने साप्ताहिक हाट बाजार में नवनिर्मित चबूतरा, इंटरलॉकिंग और टीन शेड कार्य का लोकार्पण किया। इसके बाद ग्राम बागर में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत नवनिर्मित पंचायत भवन में आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। यह कदम गाँव के युवाओं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। ग्राम सचिवालय एवं लर्निंग सेंटर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान' (RGSA) के तहत नवनिर्मित जन सेवा केंद्र (CSC), पंचायत लर्निंग सेंटर तथा ग्राम निधि द्वारा निर्मित ग्राम सचिवालय का शुभारंभ किया। अब ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं और डिजिटल शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष मनोज वर्मा, राम राखन शर्मा, मण्डल प्रभारी हंस राम राठौर, गौरव पाण्डेय, प्रधान जगबत्ता देवी, ग्राम प्रधान बागर मुन्नी देवी, विचित्र सिंह सहित अन्य ग्राम पंचायत प्रधान और सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं पर लाठीचार्ज, भाकपा माले मुखर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर।** पीलीभीत के बूंदीभूड गांव में महिलाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को भाकपा माले का एक प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पीड़ित महिलाओं व उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पुलिस ने उन पर बल प्रयोग किया और बुजुर्गों व युवतियों के साथ अभद्र व्यवहार किया, जिससे कई महिलाएं घायल हो गईं।भाकपा माले के अफरोज आलम और देवी दयाल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। उन्होंने प्रशासन से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। इस दौरान गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरा आक्रोश जताया।

# विधायक पुत्र ने फीता काटकर किया क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय


टूर्नामेंट का शुभारंभ करते विधायक पुत्र रितुराज। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र की ग्राम लुकटिहाई में शुक्रवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरु कर दिया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक पुत्र रितुराज पासबान व ग्राम प्रधान ठाकुर प्रसाद वर्मा के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। गांवों के युवा सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन के दम पर बड़े स्तर तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज गांवों से निकलकर खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और उनमें अनुशासन, भाईचारा व आत्मविश्वास की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि खेल केवल हार और जीत का नाम नहीं है, बल्कि खेल का असली उद्देश्य आपसी सौहार्द, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। मैच को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का शोर पूरे माहौल को रोमांचक बना रहा था। युवाओं में क्रिकेट को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए जमकर तालियां बजाईं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं और आगामी दिनों में रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने ग्रामीणों और युवाओं से खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## ट्रक का तिरपाल बाइक पर गिरा, दो महिलाएं घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई-पूरनपुर हाईवे पर शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, लेकिन ट्रक चालक की लापरवाही से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

गांव डूंडा निवासी हिरन पाल अपनी मां लीलावती और बहन ऊषा देवी के साथ बाइक से पूरनपुर जा रहे थे। शहबाजपुर गुरुद्वारे के पास गलत दिशा में खड़े एक राशन लदे ट्रक का तिरपाल अचानक बाइक पर आ गिरा। तिरपाल आंखों के सामने आने से हिरन पाल ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया और बाइक सड़क पर फिसल गई।हादसे में बाइक सवार दोनों महिलाएं लहूलुहान हो गईं। राहगीरों की भीड़ जुटते देख ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची घुंघचाई पुलिस ने घायलों को पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया और ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# ओलंपियाड में छाई ज्ञान इंटरनेशनल की छात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



नेशनल एस्ट्रो ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आयरा।

**पीलीभीत।** पीलीभीत के ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा आयरा अल्वी ने नेशनल एस्ट्रो ओलंपियाड 2026 में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

आयरा की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें प्रतिष्ठित "7.0 इंडिया इंटरनेशनल साराभाई स्टूडेंट्स साइंटिस्ट अवॉर्ड 2026" के लिए चुना गया है। देशभर से चयनित कुल 16 मेधावियों में वह उत्तर प्रदेश की एकमात्र छात्रा हैं।आयरा की इस ऐतिहासिक सफलता पर स्कूल में खुशी का माहौल है। प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। यह उपलब्धि साबित करती है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकती हैं।

## भाई को लेने जा रहे युवक को घेरकर पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित दिनेश कुमार ने बताया कि वह 3 मई को अपने भाई गगन को लेने गढ़बाखेड़ा जा रहा था। रास्ते में झनकुईया पुल के पास प्रधान के भतीजे अर्जुन और उसके तीन साथियों ने उसे घेर लिया।गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने दिनेश की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# शराब की दुकान को लेकर हुए बवाल के मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**43 नामजद और 10 से 15 अज्ञात पर पुलिस ने की कार्यवाही**

**पूरनपुर / कलीनगर।** शराब की दुकान को लेकर हुए बवाल,पथराव और अधिकारियों पर हमला करने के मामले में पुलिस ने आबकारी विभाग की ओर से दी गई तहरीर पर बडी कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने 43 नामजद और 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई को लेकर हडकंप मचा है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बूंदीभूड़ में देशी कम्पोजिट मदिरा की दुकान आवंटित की गई है। शराब की भट्टी को लेकर महिलाएं बीते कई दिनों से भट्ठी हटाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया, कलीनगर एसडीएम प्रमेश कुमार,जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक, तहसीलदार विरेन्द्र कुमार, माधोटांडा कोतवाल अशोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, अधिकारियों ने महिलाओं को समझाने लगे, इसी दौरान ग्रामीणों और महिलाओं की पुलिस व प्रशासनिक टीम से तीखी झड़प होने लगी थी।

मामला बिगडा तो महिलाओं ने पथराव शुरू कर दिया। घटना में एक दरोगा का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि तहसीलदार समेत आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गईं थी। दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे,हंगामे के दौरान ग्रामीणों ने पथराव कर दिया, बवाल के दौरान आबकारी विभाग की दो गाड़ियों भी छति ग्रस्त हो गईं।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कडी मशक्कत के बाद वमुश्किल अधिकारियों को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला था। शराब भट्टी के अंदर रखी शराब की बोतलों को तोड दिया था। बावल में घायल दरोगा और अन्य लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जबकि महिलाओं का कहना है कि जब तक शराब की भट्टी नहीं हटेगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं ग्रामीण व महिलाएं शराब की दुकान हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। बवाल और पथराव का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। माधोटांडा पुलिस ने आबकारी विभाग की ओर से 43 नामजद और 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ अधिकारियों के साथ मारपीट करने, सरकारी काम में बाधा डालने, पथराव करने सहित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में खलवली मची हुई है।

### विवाद के बाद इन पर हुई कार्रवाई

आबकारी विभाग की ओर से पुलिस ने गांव बूंदीभूड निवासी सरिता देवी, मंजू, गीता देवी, बबीता, मुनिया देवी, शशिकला,संगीता देवी, निर्मला देवी, फूलवती देवी, सुमित्रा देवी, सुकिया देवी, सविता, अमृती देवी, किरन देवी, अनीता देवी, रीना, रीमा, पुष्पा देवी, सुजाता, कलावती, शांति देवी, अनीता देवी, इन्दरा वती, ज्ञानवती, संगीता, अनीता, हरेंद्र राजबर, सोनू, सुर्दशन, राजकुमार, राम अवध, रामकिशुन, राजकुमार, करन, विजय, पकंज, नरायण राजभर, सर्वेश कुमार, सुजान, सुधा, रीना और जसबीर व दस से 15 अज्ञात पर कार्यवाही की गई है।

बवाल के मामले में आबकारी बिभाग कि ओर से 43 नामजद व कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।है।अज्ञात लोगों की पहचान कराई जा रही है।शीघ्र ही पकडकर जेल भेजा जाएगा।

-प्रतीक दहिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी, पूरनपुर

# पूरनपुर-बंडा हाईवे: तीव्र मोड़ों पर नहीं लगे संकेतक

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूरनपुर-बंडा हाईवे पर वनी तीव्र मोडें। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** पूरनपुर से घुंघचाई वायां बंडा हाईवे पर निर्माण के दौरान मोडें बनाई गईं थी। हालांकि उस समय लोगों ने तीव्र मोड़ों पर स्पीड ब्रेकर व संकेतिक बोर्ड को लगाने की मांग की थी। लेकिन संस्था की ओर से ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते यह मोंडे लगातार हादसे का कारण बनती जा रही हैं।

पूरनपुर-बंडा हाइवे से घुंघचाई होते हुए शाहजंहापुर सीमा तक 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।हाइवे के मुख्य चौराहे और टर्निंग पॉइंट हादसों का शवव वने हुए है। इसके चलते आए दिन छोटे से लेकर बड़ी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। इस मार्ग पर पूरनपुर से लेकर शाहजंहापुर सीमा तक कई जगह निजी व परिषदीय स्कूल पडते हैं। रोजाना बडी संख्या मैं स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। हाईवे पर पडने वाले घुंघचाई तिराहा,कवीरपुर कसगंजा बस अड्डे,बलरामपुर तिराह,बलरामपुर चौकी, बिलंदपुर अशोक, लुकटिहाई, गुलडिया भूपसिंह सहित कई जगहों पर तीव्र मोंडे वनाई गईं है। जिसमे लोहे के एंगल भी लगाए गए है। लेकिन हाईवे के निर्माण के दौरान कराई दाई संस्था के द्वारा इन मुख्य प्वाइंटों पर कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाए गए और ब्रेकर भी नही वनाए गए हैं। जिसके चलते लगातार हादसे होते जा रहे हैं। हालांकि निर्माण के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने हाईवे निर्माण के दौरान सांकेतिक बोर्ड लगाए जाने की मांग भी रखी थी। लेकिन कार्य दाई संस्था के द्वारा निर्माण करा कर सांकेतिक बोर्ड लगाना भूल गई। विना सांकेतिक बोर्ड से तीव्र मोडो पर लोग हादसे का शिकार हो रहे है। उसके बावजूद अभी तक विभागीय अधिकारियों द कार्यदायी संस्था के द्वारा इन पर रोकथाम लगाए जाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## दहेज की मांग पूरी न करने पर पति ने महिला को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक महिला को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है।

कबीरगंज रामा फार्म निवासी अमनदीप कौर का आरोप है कि 2015 में विवाह के बाद से ही उनका पति मनप्रीत सिंह कार की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित कर रहा था।16 अप्रैल और पुनः 5 मई को मांग पूरी न होने पर पति ने अमनदीप के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गईं। आरोप है कि पति उन्हें जलाने की धमकी भी देता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत सचिवालय में लगी चौपाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



चौपाल में लोगों की समस्याओं को सुनती अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा स्थित पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं व बारात घर का निर्माण कराने की मांग रखी गई।

कार्यक्रम में आवास, राशन, पेंशन आदि की लोगों को जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कई ग्रामीणो ने अपनी अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा,इस पर लोगों को समस्याओं के निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया,अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतें गंभीरता से सुनते हुए संबंधित कर्मचारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और विकास कार्यों में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। चौपाल में खंड विकास अधिकारी संजय यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल कनौजिया, नरेश भरद्वाज, विजय पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**▸ चौपाल में आवास, राशन राशन कार्ड को लेकर उठे सवाल**

# हाईवे निर्माण में मनमानी, बढ़ा खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय


ऊंचे नाले से गुजरते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** नेशनल हाईवे का निर्माण कर रही निर्माणाधीन कंपनी आरसीएल की कार्यशैली को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों, किसानों और स्कूल प्रबंधन में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि कंपनी ने अपनी मनमानी करते हुए निर्माणाधीन हाईवे के दोनों ओर अत्यधिक ऊंचे नालों का निर्माण कर दिया है, जिससे सड़क किनारे बसे किसानों के खेत, मकान, प्रतिष्ठान और विद्यालय कई फीट नीचे चले गए हैं।

मामला अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम मुडलिया गौसु का है, जहां स्थित शहीद भगत सिंह मेमोरियल प्राथमिक स्कूल पर आगामी बारिश के मौसम में जलभराव का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बताया जा रहा है कि आरसीएल कंपनी द्वारा स्कूल की जमीन से लगभग 12 फीट ऊंचाई पर नाला बना दिया गया है, जिससे बरसात का पानी स्कूल परिसर में भरने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो विद्यालय तालाब में तब्दील हो सकता है, जिससे स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो जाएगा। वहीं क्षेत्रीय किसानों ने आरोप लगाया कि हाईवे निर्माण के दौरान उनके खेतों तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय किसानों एवं स्कूल प्रबंधन ने जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह से मुलाकात कर समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जांच कर उचित कार्रवाई कराने की मांग उठाई है।

## मवेशी भगा रहे युवक को पीटकर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पीलीभीत के घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढैया में खेत पर गए एक ग्रामीण के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित रामकुमार ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने खेत से जानवरों को भगाने गया था। इसी दौरान गांव के ही राजपाल, नत्थू लाल, डोरी लाल और आकाश ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे।विरोध करने पर आरोपियों ने रामकुमार पर हमला कर दिया और हसिया मारकर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने किया रक्तदान शिविर का आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय


रक्तदान शिविर का फीता काटते जिला अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड सेंटर में विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना रहा।

शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के हर्षल सिंह और सौरभ अग्रवाल ने सबसे पहले रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुल 11 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर वंशानुगत बीमारी है, जिसमें मरीजों को जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने समाज के लोगों से आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की, ताकि जरूरतमंद मरीजों का जीवन सुरक्षित किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन थैलेसीमिया बाल सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे मरीजों को बेहतर परामर्श और उपचार उपलब्ध हो पाता है।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पैरामेडिकल छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. विभूति गोयल और अन्य विशेषज्ञों ने समय पर जांच एवं आनुवंशिक परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज श्यामसुंदर का हालचाल भी जाना। उन्होंने मरीज के परिजनों से बातचीत कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि मरीज की स्थिति में पहले से सुधार है। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर मरीज को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर करने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

# सड़क किनारे खड़े डनलप से भिड़ी बाइक, मामा-भांजे की दर्दनाक मौत

## हेलमेट न पहनना पड़ा भारी, हादसे में घायल हुई मामी, शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। सड़क किनारे खड़े डनलप से बाइक टकराने के बाद मामा और भांजे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठी मामी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि हादसे के समय बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। तेज टक्कर के चलते दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आईं, जो उनकी




मौत का कारण बनीं। वहीं घायल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार दातागंज कोतवाली के डहरपुर गांव के निवासी सुखबीर (40) पुत्र कृपाल निवासी डहरपुर कला दातागंज अपनी पत्नी धन देवी (35) और भांजे ओमवीर (30) पुत्र नरेश निवासी कालिया टांडा थाना आंवला जिला बरेली के साथ मूसाझाग थाना क्षेत्र के सहोरा गांव से रिश्तेदारी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। परिवार के लोग खुशी-खुशी घर लौट रहे थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि रास्ते में मौत उनका इंतजार कर रही है। जैसे ही उनकी बाइक बदायूं-दातागंज रोड पर डहरपुर और सराय गांव के बीच पहुंची, तभी सड़क किनारे खड़े डनलप से बाइक जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार तेज थी और अंधेरा होने के कारण चालक को सड़क किनारे खड़ा डनलप दिखाई नहीं दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। तीनों घायलों को खून से लथपथ हालत में देखकर लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सुखबीर और ओमवीर को मृत घोषित कर दिया। घायल धन देवी का प्राथमिक उपचार के बाद इलाज जारी है। चिकित्सकों ने उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई है।

### परिवार में मचा कोहराम

मामा-भांजे की एक साथ मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंची महिलाओं की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। बताया जा रहा है कि सुखबीर मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे, जबकि ओमवीर भी परिवार का जिम्मेदार सदस्य था। दोनों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे भारी वाहन और डनलप खड़े रहने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती।

### पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा सड़क किनारे खड़े डनलप से बाइक टकराने के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शवों का पोस्टमार्टम करा दिया गया है।

## बाइक से उछलकर सड़क पर गिरी महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं के दातागंज मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई।

हजरतपुर के सुंदर नगर निवासी देवेंद्र अपनी 50 वर्षीय नानी प्रेमवती को बाइक पर बैठाकर बाजार जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार बाइक सड़क पर बने एक गहरे गड्ढे में अनियंत्रित होकर उछल गई, जिससे पीछे बैठी प्रेमवती सिर के बल सड़क पर गिर पड़ीं।सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। आनन-फानन में उन्हें दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बरेली रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, बरेली ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नदी में मिला युवती का शव हत्या कर फेंके जाने का शक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दातागंज थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी से एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव बेलाडांडी गांव के पास नदी में उतराता मिला, जिसे ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव को जिला मुख्यालय भेजकर मोर्चरी में रखवाया है। क्षेत्र के लोगों को आशंका है कि युवती के साथ दुष्कर्म किया गया है, इसके बाद हत्या कर शव गंगा में फेंका गया है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव बेलाडांडी के पास रामगंगा में शुक्रवार की सुबह एक युवती का शव उतराता ग्रामीणों ने देखा। सूचना मिलते ही दातागंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतका की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। शव पर चोट के निशान हैं या नहीं, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी।

### पहचान अब तक नहीं

पुलिस ने आसपास के गांवों में पूछताछ की, लेकिन युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की हालत देखकर अनुमान है कि मौत 24 से 36 घंटे पहले हुई होगी। युवती ने सलवार-सूट पहना हुआ था। उसके पास से कोई पहचान पत्र या सामान बरामद नहीं हुआ।

### पुलिस की कार्रवाई

दातागंज थाना प्रभारी वेदपाल सिंह ने बताया कि शव को 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। आसपास के थानों और जिलों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

### हत्या या हादसा, जांच जारी

पुलिस हत्या और हादसे दोनों एंगल से जांच कर रही है। नदी में शव मिलने से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सीओ दातागंज ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिनाख्त के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी।

# डायल 112 बेड़े में 6 नई गाड़ियां शामिल

### एसएसपी अंकिता शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपातकालीन सेवाओं की गति बढ़ाने के लिए शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस लाइन से डायल 112 की छह नई पीआरवी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर एसएसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि नए वाहनों के बेड़े में शामिल होने से पुलिस की रिस्पॉन्स टाइम में उल्लेखनीय सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि अब किसी भी आपात स्थिति में घटनास्थल पर पुलिस पहले से भी कम समय




में पहुंच सकेगी, जिससे पीड़ितों को त्वरित सहायता मिलेगी और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। एसएसपी ने डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे कॉल मिलते ही बिना देरी किए रवाना हों और जनता से मधुर व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि डायल 112 जनता और पुलिस के बीच विश्वास की सबसे मजबूत कड़ी है, इसलिए इसकी छवि को और बेहतर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हरी झंडी कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने नए वाहनों का निरीक्षण भी किया।

## घरेलू कलह में टावर पर चढ़ा युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नाधा में घरेलू विवाद के बाद एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। पारिवारिक झगड़े से नाराज युवक जान देने की धमकी देते हुए टावर के सबसे ऊपरी हिस्से तक जा पहुँचा।लगभग एक घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान टावर के नीचे ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा रही। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा काफी देर तक समझाने-बुझाने और मान-मनौव्वल के बाद युवक सुरक्षित नीचे उतरा, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। फिलहाल, इस मामले में पुलिस को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई है।

# कैंसर पीड़ित की बेटी की धूमधाम से हुई शादी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पिता कैंसर से पीड़ित चारपाई पर है,उसे उम्मीद भी नहीं थी कि उसकी बेटी की शादी इतनी धूमधाम से हो सकेगी, लेकिन भारतीय किसान यूनियन के कुछ पदाधिकारियों ने समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस शादी को ऐतिहासिक बना दिया।

विकासखंड उझानी के गांव सिरसौली में एक गरीब बेटी का विवाह समारोह सामाजिक एकजुटता और मानवता की अनूठी मिसाल बन गया। इस विवाह समारोह की खास बात यह रही कि लड़की के पिता होरीलाल कैंसर से पीड़ित हैं और जीवन के अंतिम चरण में हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में किसान नेता राजेश कुमार सक्सेना ने आगे बढ़कर बेटी



के विवाह की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। उनके इस कदम से समाज के अन्य लोग भी प्रेरित हुए और बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग का हाथ बढ़ाया। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत उन्होंने की थी, जिसके बाद यूनियन के सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी, बृजपाल प्रजापति, आरिफ गाजी सहित कई लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग किया। उन्होंने बताया कि भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं ली है, जबकि टेंट की व्यवस्था पूर्व फौजी रमेश पाल सिंह द्वारा कराई गई है। गांव के अनेक भले लोगों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इनमें पूर्व प्रधान चंद्रभान सिंह, प्रवेंद्र सिंह, सतीश यादव,

### भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने गांव पहुंच कर शादी को बनाया ऐतिहासिक

पूरनलाल कुशवाहा, शिव सिंह प्रजापति, पूर्व फौजी जितेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, हीरालाल राजपूत, नरेंद्र कुशवाह सहित कई अन्य सहयोगी शामिल हैं, जो इस शादी को सफल बनाने में सहयोगी रहे। इस विवाह समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर कई जनप्रतिनिधियों के पहुंचने की भी संभावना थी लेकिन कम मात्रा में ही लोग पहुंचे लेकिन किसान यूनियन के नेताओं व कार्यकरताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिससे शादी ऐतिहासिक रही।

## तहसील में दलाली बंदः नायब तहसीलदार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फैजगंज।** बिसौली तहसील में नवागत नायब तहसीलदार अनंग राज ने कार्यभार संभालते ही दलालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तहसील परिसर में किसी भी बिचौलिये की सक्रियता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अनंग राज दिनभर कार्यालय में मौजूद रहकर आम जनता की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं। उनकी इस पारदर्शी कार्यशैली और सक्रियता की तुलना क्षेत्र के ईमानदार उपजिलाधिकारी से की जा रही है। व्यवस्था सुधार और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की इस पहल की स्थानीय जनता ने सराहना करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया है।

# वजीरगंजः युवक के शव की हुई पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

### 8 दिन से लापता युवक का वजीरगंज में मिला शव, शिनाख्त के बाद पसरा सन्नाटा

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में सड़क किनारे मिले युवक के शव की शुक्रवार सुबह पहचान हो गई। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पिछले आठ दिनों से लापता था और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे।

बुधवार सुबह वजीरगंज क्षेत्र में सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था और उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे थे। शुक्रवार सुबह मृतक के परिजनों को सूचना मिली कि जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखे शव का हुलिया उनके लापता परिजन से मिलता-जुलता है। सूचना मिलते ही परिजन मोर्चरी पहुंचे, जहां शव को देखते ही उन्होंने उसकी पहचान निर्दोष पुत्र जगपाल निवासी गांव ककउआ खेड़ा, थाना दातागंज के रूप में की। पहचान होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि निर्दोष करीब आठ दिन पहले अचानक घर से गायब हो गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। परिजन लगातार रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन कर रहे थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब शव मिलने की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि मृतक को मिर्गी के दौरे पड़ते थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि कहीं दौरा पड़ने के कारण वह सड़क किनारे गिर गया हो। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल परिजनों को शव सौंप दिया गया है। इस घटना से गांव ककउआ खेड़ा में शोक की लहर दौड़ गई है और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है।

## बिना ओटीपी 9.70 लाख की ठगी, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं के मोहल्ला सहबाजपुर में साइबर ठगों ने एक महिला के बैंक खाते से बिना ओटीपी साझा किए 9.70 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित अश्विनी भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने गूगल पर डॉक्टर का नंबर सर्च किया था, जिसके बाद ठग ने अपॉइंटमेंट के नाम पर 2 रुपये का भुगतान करने को कहा।ट्रांजेक्शन फेल होने के बावजूद, 29 अप्रैल से 2 मई के बीच खाते से 19 बार में कुल 9,70,769 रुपये निकाल लिए गए। हैरान करने वाली बात यह है कि पीड़िता ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की थी। पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने की चादरपोशी

## गुलपोशी कर देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की मांगी दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने सखानू में हज़रत काज़ी शेख शहाब उद्दीन सोहरवर्दी की दरगाह पर चादरपोशी व गुलपोशी कर अपनी अकीदत पेश की।

दरगाह पर पहुंचने पर दरगाह कमेटी ने उनका फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया, उसके बाद उन्होंने दरगाह शरीफ पर पहुंचकर सबसे पहले मजार पर चादर चढ़ाई और गुलपोशी की। इसके बाद उन्होंने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि देश में आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे तथा सभी लोगों की जिंदगी खुशहाल हो। पूर्व मंत्री



आबिद रज़ा ने कहा कि उर्स जैसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। यहां हर धर्म और समुदाय के लोग एक साथ आकर दुआ करते हैं, जो हमारे देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर मुख्य रूप से इलियास अहमद अध्यक्ष दरगाह कमेटी, उरूज़, मुर्तजा, यासीन, इमरान, जब्बार अंसारी, खलील अंसारी, दानिश अशर्फी आदि लोग मौजूद रहें।

# अस्थायी नाला खोदकर निकाला गया बारिश का जमा पानी

### जागरण मोर्चा ने प्रमुखता से समस्या दिखाते हुए खबर की थी प्रकाशित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** ओरछी चौराहे पर बारिश के कारण हुए जल भराव की खबर को दैनिक जागरण मोर्चा ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसका असर यह यह हुआ कि अधिकारयों ने देर रात्रि ममें गुपचुप तरीके से जेसीबी कच्चा नाला खोदकर बारिश के पानी को निकलने के लिए बना दिया। बताया कि दिन में



दुकानदार इसका विरोध करते आ रहे थे, यही वजह रही कि समस्या का निस्तारण प्रशासन ने रातोरात करा दिया। अब लोगों में नाला पक्का बनवाने की मांग की है।

# एक्शन मोड में दिखी नगर पालिका, नालों की तलीझाड़ सफाई शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के नेतृत्व में शहरभर में चल रहा अभियान, जलभराव रोकने को जेसीबी और कर्मचारी जुटे

**बदायूं।** आगामी मानसून में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने बड़े स्तर पर नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के नेतृत्व में शहर के लगभग 70 छोटे-बड़े नालों की युद्धस्तर पर तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है। नगर पालिका की टीम लगातार विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नालों की सफाई करा रही है, वहीं अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

पालिका प्रशासन का कहना है कि यदि समय रहते नालों की सफाई नहीं कराई जाती तो बरसात के दौरान शहर के कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए मानसून से पहले ही व्यापक अभियान चलाया गया है, ताकि जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रहे और नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने बताया कि नाला नोडल प्रभारी एवं मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब के नेतृत्व में सफाई कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जोनवार नालों की सफाई पर सफाई एवं खाद निरीक्षक को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि शहर में करीब 10 बड़े नाले और लगभग 60 छोटे एवं मझोले नाले हैं, जिनकी सफाई नगर पालिका अपने संसाधनों, कर्मचारियों और मशीनों के माध्यम से करा रही है। कई स्थानों पर जेसीबी मशीनों की मदद से नालों से निकलने वाली भारी मात्रा में सिल्ट हटाई जा रही है, जबकि सफाई कर्मचारी तलीझाड़ सफाई कर जल प्रवाह को सुचारु बनाने में जुटे हुए हैं। पालिका द्वारा जिन प्रमुख नालों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराई जा रही है उनमें जफा की कोठी से टेलीफोन एक्सचेंज, ब्रह्मपुर, इमली चौक, कैलाश टॉकीज, छह सड़का, गोपी चौक, सराय फकीर, लालपुल से सोत नदी तक का नाला शामिल है। इसके अलावा साहू धर्मशाला से मछली बाजार, चुना मंडी होते हुए पुष्पम होटल तक, प्रकाश कोल्ड स्टोर से लावेला, अंबेडकर पार्क से जेल के पीछे होते हुए नेकपुर रेलवे क्रॉसिंग और परशुराम छात्रावास तक के नालों की सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में सिग्लर स्कूल पुलिया से नेकपुर होते हुए सोत नदी तक, नाला अली शहीद, वाल्मीकि बाल निकेतन से लोटनपुरा तिराहा तक, नाला कच्ची लीक, बदायूं क्लब के सामने पुलिया से रोडवेज चौराहा होते हुए रोशन साहब की मजार तक तथा शेखूपुर रोड पुलिया से लालपुल नाला तक तेजी से कार्य चल रहा है। पालिका प्रशासन का दावा है कि शहर के लगभग सभी प्रमुख जलनिकासी मार्गों को अभियान में शामिल किया गया है। मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब ने बताया कि नालों से निकलने वाली सिल्ट को तत्काल हटाने के लिए अलग से टीम लगाई गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सिल्ट हटाने का कार्य पानी सूखने के बाद तीन दिन के भीतर कराया जा रहा है ताकि सड़कों पर गंदगी न फैले और यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कारगिल कुम्हारों वाली पुलिया से छह सड़का होते हुए वी मार्ट तिराहे तक नाले की तलीझाड़ सफाई कराई गई। वहीं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार की निगरानी में सोत नदी से लालपुल चौराहा, पक्का बाग होते हुए लोटनपुरा तक नालों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर पालिका का यह विशेष अभियान शहर में जलभराव की समस्या को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पालिका प्रशासन का कहना है कि मानसून शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी ताकि बारिश के दौरान शहर की जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनी रहे और लोगों को राहत मिल सके।

# पायलट बनने के सपने से लेकर शूटिंग तक का सफर

● राइफल दिलाने के लिए पिता ने बेच दिया था घर

**नई दिल्ली।** देश के स्टार शूटर और ओलंपिक पद विजेता गगन नारंग का आज जन्मदिन है। नारंग ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गगन नारंग पहले भारतीय शूटर हैं, जो लंदन ओपंपिक में क्वालीफाइड हुए थे। 2012 में हुए लंदन ओलंपिक में नारंग नें पुरुष श्रेणी में 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में 701.1 प्वाइंट के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया था। इस खिलाड़ी का बचपन बड़ा ही दिलचस्प है। गगन ने काफी उम्र में ही सफलता हासिल की।



**20 की उम्र में जीता स्वर्ण पदक**- 2003 में एफ्रो एशियन गेम्स में शूटिंग प्रतियोगिता में गगन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उस समय उनकी उम्र 20 साल थी। 2006 में मेलबर्न में हुए कॉनवेल्थ गेम्स के अलग-अलग प्रतियोगिता में गगन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इसके बाद 2008 में चीन में हुए विश्वकप में भी गगन ने स्वर्ण पदक जीता।

**पायलट बनना चाहते थे नारंग**- 6 मई, 1983 को जन्मा यह खिलाड़ी बचपन से वायुसेना में पायलट बनना चाहता था। गगन के पिता भीमसेन नारंग बताते हैं, नारंग में बचपन में ही निशानेबाजी की प्रतिभा दिख गई थी। उनके अनुसार, 2 साल की उम्र गगन ने बलून पर पिस्टल से निशाना लगाया था। उसके बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनका बेटा निशानेबाजी में काफी आगे जा सकता है।

**कॉमनवेल्थ में जीते 4 पदक**- साल 2010 में नई दिल्ली में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में गगन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इसमें 10 मीटर और 50 मीटर एयर राइफल कैटेगरी शामिल थी। ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय बन गए। 2010 में ही एशियाई गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया था। इसके अलावा बैंकाक में होने वाले ढ्ढस्स्न्र विश्व कप के फाइनल में गगन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इस उपलब्धि के बाद गगन की रैंकिंग बढ़ गई और वह अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी में शीर्ष निशानेबाजों में शुमार हो गए। अंतरराष्ट्रीय खेलों में यह सफलता हासिल करने वाले गगन नारंग तीसरे भारतीय निशानेबाज बन गए थे।

हॉकी एशिया कप से पहले

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला टीम

**भोपाल।** भारतीय पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीमें 15 से 20 मई तक उद्धव दास मेहता सेंट्रल सेंटर में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के साथ चार मैचों की सीरीज खेलेंगी। यह सीरीज अंडर-18 नेशनल कोचिंग कैंप के बाद हो रही है, जो 19 अप्रैल, 2026 को साई भोपाल में शुरू हुआ था। इस महीने के आखिर में काकामिगाहारा में होने वाले अंडर-18 एशिया कप से पहले हो रही यह सीरीज काफी अहम है। महिला टीम के लिए, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज 15 मई से शुरू होगी। दूसरा मैच 17 मई, तीसरा मैच 18 मई को और चौथा मैच 20 मई को खेला जाएगा। पुरुषों की टीम अपनी सीरीज 15 मई से शुरू करेगी। दूसरा मैच 17 मई, तीसरा मैच 18 मई और चौथा मैच 20 मई को खेला जाएगा। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कैंप के दौरान हुई प्रगति और आने वाले मैचों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, 'साई भोपाल में हमारा दौर बहुत अच्छा रहा है। खिलाड़ियों ने जोश और उम्मीदों पर अच्छी प्रतिक्रिया दी है। इस कैंप के दौरान मुख्य फोकस सभी पोजीशन पर बुनियादी तरीकों को मजबूत करना रहा, ताकि वे मॉडर्न हॉकी की मांगों के लिए बेहतर तरीके से तैयार हों और सीनियर लेवल की ओर लगातार आगे बढ़ सकें।' उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ आने वाले एक्सपोजर मैच हमारी तैयारी में एक अहम कदम हैं। यह ग्रुप के लिए उच्च-क्षमता का अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेने का मौका है। सीरीज में हम अपनी टीम के बेहतर संयोजन को तलाश सकते हैं। अंडर-18 एशिया कप आने वाला है, इसलिए ये मैच भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सबसे अच्छी टीम चुनने में हमारी मदद करेंगे।' महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, 'साई भोपाल में कैंप हमारे लिए खिलाड़ियों के साथ काम करने का एक अच्छा अवसर रहा है। हम खुश हैं कि उन्होंने इसका फायदा उठाया। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच उन्हें ऊंचे स्तर पर खेलने और अंडर-18 एशिया कप की तैयारी करने का शानदार मौका देंगे। यह हर खिलाड़ी के

# ग्रैंड स्लैम का बहिष्कार

● अपने अधिकारों के लिए लड़ने का एकमात्र तरीका: एरिना सबालेंका



**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मंगलवार को कहा कि ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में ज्यादा हिस्सा पाने के खिलाड़ी हकदार हैं। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने कहा कि ज्यादा हिस्से के लिए टूर्नामेंट का बहिष्कार करने को भी तैयार हैं। एरिना सबालेंका ने इटैलियन ओपन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि शो हमारी तरफ से है। हमारे बिना कोई टूर्नामेंट नहीं होता। वह एंटरटेनमेंट नहीं है। हम निश्चित रूप से अधिक राशि पाने के हकदार हैं। मुझे लगता है कि किसी समय हम बहिष्कार करेंगे। अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका है।' उन्होंने कहा, 'हम लड़कियां आसानी से एक साथ आ सकती हैं और इसके लिए जा सकती हैं। मुझे लगता है कि कुछ चीजें खिलाड़ियों के साथ बहुत गलत हैं। किसी समय यह अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच जाएगा। पिछले साल लगभग सभी बड़े खिलाड़ियों ने चार ग्रैंड स्लैम बॉस को दो पत्र साइन किए थे। इसमें पुरस्कार राशि बढ़ाने, संन्यास, और मातृत्व के अवसर पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए खिलाड़ियों के कल्याण के लिए भुगतान करने की मांग की गई थी। पत्र में टूर्नामेंट राजस्व में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा गया था, जिससे मेजर टूर्नामेंट एटीपी मेन्स टूर और विमेंस डब्ल्यूटीए टूर द्वारा चलाए जाने वाले नौ संयुक्त 1000-लेवल इवेंट्स के बराबर आ जाएंगे।'

महिला एकल में चार बार की फ्रेंच ओपन की विजेता पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने कहा, 'टूर्नामेंट के बहिष्कार का निर्णय थोड़ा ज्यादा हो जाएग।' स्वियाटेक ने कहा, 'सच कहूं तो सबसे जरूरी बात गवर्निंग बॉडीज के साथ सही संवाद और चर्चा है। हमारे पास अपनी बात रखने की जगह होनी चाहिए। उम्मीद है कि फ्रेंच ओपन से पहले इस तरह की बैठक करने का मौका मिलेगा और हम देखेंगे कि उसमें क्या होता है।'

खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा था कि फ्रेंच ओपन द्वारा पुरस्कार राशि में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा काफी नहीं है। पिछले साल फ्रेंच ओपन की कमाई 395 मिलियन यूरो थी, जो उसके पहले के वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। कुल पर्स में सिर्फ 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खिलाड़ियों का राजस्व हिस्सा घटकर 14.3 प्रतिशत रह गया है। अनुमान के मुताबिक इस साल फ्रेंच ओपन का राजस्व 400 मिलियन यूरो से ज्यादा हो जाएगा। इसी वजह से खिलाड़ी अपनी राशि को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। एरिना ने फ्रेंच ओपन 2026 की शुरुआत से पहले अपनी मांग रखकर आयोजकों को निश्चित रूप से पुरस्कार राशि पर पुनर्विचार करने का दबाव बढ़ा दिया है। फ्रेंच ओपन 2026 का 18 मई से 7 जून 2026 तक खेला जाना है।



# सैमसन के 'पावर शो' के सामने बेबस हुई DC

● पॉइंट्स टेबल में ष्टस्द्म की छलांग, प्लेऑफ क्वालीफाई की उम्मीदें बरकरार

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शुरू हुआ संजू सैमसन की बेहतरीन बल्लेबाजी का सफर आईपीएल 2026 में भी जारी है।



मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में उन्होंने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के सामने चेन्नई सुपर किंग्स को शानदार जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 155 रन बनाए थे। 156 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी CSK एक समय 45 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, लेकिन सैमसन ने युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा के साथ मिलकर दिल्ली को और कोई सफलता नहीं लेने दिया और 17.3 ओवर में टीम को 2 विकेट पर 159 रन पर पहुंचाते हुए 8 विकेट से जीत दिला दी।

### सैमसन के दम पर DC से आगे निकली CSK

संजू सैमसन 52 गेंदों पर 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं, कार्तिक शर्मा 31 गेंदों पर 2 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच नाबाद और मैच विनिंग 114 रन की साझेदारी हुई। CSK ने जीत के साथ ही DC को 2 अंक पीछे छोड़ दिया है।

# ऋषभ पंत की जाएगी कप्तानी !

● मुंबई इंडियंस के हाथों स्रु्र की हार के बाद फिर उठी मांग, दिग्गजों ने बताई ये बड़ी वजह

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स (स्रु्र) के बीच सोमवार को आईपीएल 2026 का एक अहम मुकाबला खेला गया। जिसमें लखनऊ एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा। यह लखनऊ की लगातार छठी है। मुंबई के हाथों मिली इस हार के बाद एक बार फिर ऋषभ पंत को लखनऊ की कप्तानी से हटाने की मांग तेज हो गई है।

स्रु्र अब तक खेले गए 9 मैच में सिर्फ 2 में ही जीत दर्ज कर पाई है और 4 पॉइंट्स के साथ अंकतालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। टीम के लगातार खराब पदर्शन के बाद कई दिग्गजों ने स्रु्र मैनेजमेंट से पंत को कप्तानी से हटाने की मांग की है। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत भी तक इस सीजन में बल्लेबाजी या कप्तानी से कोई बड़ा कारमाना नहीं कर पाए हैं।



### पंत को बैटिंग पर फोकस करने की जरूरत

रोहन गावस्कर ने क्रिकबज से बात करते कहा कि, एक बार लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका ने कहा था कि वो चाहते हैं कि ऋषभ पंत एक विरासत तैयार करें। लखनऊ सुपर जॉइंट्स के लिए अगले 10-15 साल तक खेलें और ट्रॉफी जीतें। गावस्कर ने कहा कि लेकिन कभी-कभी आपको कुछ खिलाड़ियों को फायरिंग लाइन से बाहर निकालना होता है। स्रु्र मैनेजमेंट को अब इस सीजन यह फैसला करना पड़ेगा कि वो उन्हें कप्तान बनाए रखना चाहते हैं या नहीं। पंत को आजाद छोड़ देना चाहिए और उन्हें अपनी बैटिंग पर फोकस करना चाहिए। सबको पता है कि टी-20 में किस दर्जे के खिलाड़ी हैं और वो समय आने पर क्या कर सकते हैं।

### पंत को कप्तानी से हटाने की मांग

ऋषभ पंत को कप्तानी से हटाने की मांग सबसे पहले दिग्गज खिलाड़ी वसीम जाफर ने की थी। उन्होंने इसके पीछे तर्क दिया था कि पंत कप्तानी के दबाव के कारण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उनसे कप्तानी की जिम्मेदारियां ले लेनी चाहिए, ताकि वो खुलकर खेल सके और अपनी बल्लेबाजी पर फोकस कर सके। जाफर ने पंत की जगह ऐडन मारक्रम को कप्तानी दिए जाने की

# बेंगलुरु से छीनी फाइनल की मेजबानी

अब अहमदाबाद में होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने 6 मई को आईपीएल 2026 के प्लेऑफ मुकाबलों के आधिकारिक कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस घोषणा की सबसे बड़ी खबर यह है कि टूर्नामेंट का फाइनल अब बेंगलुरु में नहीं बल्कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### बेंगलुरु से क्यों बदला गया फाइनल का वेन्यू?

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शुरुआत में फाइनल मैच की मेजबानी बेंगलुरु को सौंपी गई थी। हालांकि, स्थानीय क्रिकेट संघ और पदाधिकारियों की कुछ ऐसी मांगें थीं जो बीसीसीआई के तय नियमों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर पाई गईं।



### धर्मशाला और न्यू चंडीगढ़ को मिली बड़ी जिम्मेदारी

ढ्ढक्क2026 के समापन के लिए बीसीसीआई ने तीन स्थानों का चयन किया है। प्लेऑफ का सफर 26 मई को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम से शुरू होगा, जहां क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। इसके बाद, टूर्नामेंट का कारवां न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की ओर बढ़ेगा, जहां 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को क्वालिफायर-2 के महत्वपूर्ण मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। यह पहली बार है जब न्यू चंडीगढ़ जैसे नए केंद्रों को प्लेऑफ जैसे हाई-वोल्टेज मैचों की जिम्मेदारी दी गई है।

### बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार तारीखें इस प्रकार हैं

- **क्वालिफायर 1:** 26 मई 2026, धर्मशाला - इसमें शीर्ष दो टीमें भिड़ेंगी और जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी।
- **एलिमिनेटर:** 27 मई 2026, न्यू चंडीगढ़ - इसमें तीसरे और चौथे स्थान की टीमों के बीच 'करो या मरो' का मुकाबला होगा।
- **क्वालिफायर 2:** 29 मई 2026, न्यू चंडीगढ़ - यहां एलिमिनेटर की विजेता का सामना क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम से होगा।
- **फाइनल:** 31 मई 2026, अहमदाबाद - क्वालिफायर-1 और क्वालिफायर-2 की विजेता टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी।




# सीईओ ने दिए खर्चों में कटौती के सख्त निर्देश, बोले-कर्मचारियों के लिए छंटनी का कोई खतरा नहीं

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया में वित्तीय संकट के बीच सीईओ ने खर्चों में कटौती के निर्देश दिए हैं। हालांकि, कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है कि कोई छंटनी नहीं होगी। पूरी बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।



देश के प्रमुख विमानन ब्रांड एअर इंडिया ने अपने मौजूदा वित्तीय संकट से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी प्रबंधन ने एक ओर जहां वित्तीय अनुशासन लागू करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं, वहीं दूसरी ओर अपने कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा का ठोस भरोसा भी दिलाया है। यह कदम बताता है कि एयरलाइन बिना अपनी वर्कफोर्स को प्रभावित किए, खर्चों को कम करके अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने कंपनी में चल रहे वित्तीय संकट के मद्देनजर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे तत्काल प्रभाव से गैर-जरूरी खर्चों को निलंबित कर दें और भविष्य के अनावश्यक खर्चों को भी फिलहाल टाल दें। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विल्सन ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कंपनी का पूरा ध्यान अब किसी भी तरह की बबार्दी और धन के रिसाव को खत्म करने पर होना चाहिए। यह कड़ा वित्तीय अनुशासन कंपनी को मौजूदा आर्थिक संकट से उबारने के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

आमतौर पर खर्चों में कटौती और वित्तीय संकट की खबर के बीच कर्मचारियों में छंटनी का डर पैदा हो जाता है, लेकिन एअर इंडिया के प्रबंधन ने इस डर को तुरंत दूर करने का प्रयास किया है। एअर इंडिया के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) रविंद्र कुमार जीपी ने कर्मचारियों के साथ आयोजित एक टाउनहॉल बैठक के दौरान स्थिति को स्पष्ट किया।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच मुनाफावसूली हावी, सराफा बाजार में टूटे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच ताजा सैन्य हलचल का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि, इन तनावपूर्ण स्थितियों के बीच शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में एक अलग ही रुख देखने को मिला। निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर की गई भारी मुनाफावसूली के कारण सोने और चांदी की कीमतों में नरमी दर्ज की गई है। यह स्थिति तब पैदा हुई है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और कूटनीतिक शांति की उम्मीदें लगातार कमजोर पड़ रही हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।